प्रवर्त्तक कान्तिविजय जैन इतिहासमाला तृतीय पुष्प।

॥ अर्हम् ॥

शत्रुंजयतीर्थोद्धारप्रबंध।

(उपोद्घात और ऐतिहासिक सारभाग सहित।)

संपादक-

मुनि जिनविजय।

प्रकाशक-

श्री जैन आत्मानन्द सभा

भावनगर।

(प्रथमावृत्ति-५०० प्रतिः)

वीर संवत् २४४३.
विक्रमार्क १९७३.

मूल्य—
दश आने.

धन्यवाद ।

प्रवर्तक श्रीमान कान्तिविजयजी महाराज के विद्वान शिष्य
मुनिमहाराज श्रीचतुरविजयजी के सदुपदेश से वडोदा
निवासी धर्मनिष्ठ उदारचित्त श्रीमन्त सेठ लीला-
भाई रायचंद ने अपने पुत्र के लग्नोत्सव
निमित्त इस पुस्तक के छपवाने
में द्रव्य विषयक उदार मदद
दी है। इस लिये
इन्हें धन्यवाद
दिया जाता
है।

श्रीजैन आत्मानंद-सभा।

श्रीमान् सेठ लीलाभाई रायचंद जौंहरी।

(बडौदा.)

शत्रुंजयपर्वत का मुख्यमन्दिर ।

उपोद्घात।

शत्रुंजय पर्वत का परिचय।

जगत् के प्रायः सभी प्राचीन धर्मों में किसी न किसी स्थान विशेष को पूज्य, प्रतिष्ठित और पवित्र माने जाने के उदाहरण सब के दृष्टिगोचर हो रहे हैं। क्या मूर्तिपूजा मानने वाले और क्या उस का निषेध करने वाले; क्या ईश्वरवादी और क्या अनीश्वरवादी; सभी इस बात में एक से दिखाई देते हैं। हिन्दु हिमालयादि तीर्थों को, मुसल्मान मक्का तथा मदीना को, क्रिश्चियन जेरुसलम को और बौद्ध गया और बोधिवृक्ष वगैरह स्थानों को हजारों वर्षों से पूजनीय और पवित्र मानते आ रहे हैं। इन धर्मों के सभी श्रद्धालु मनुष्य, जीन्दगी में एक बार अपने अपने इन पावन स्थानों में जाया जाय तो स्वजन्म को सफल हुआ मानने की मानता रखते हैं। जैनधर्म में भी ऐसे कितने ही स्थल पूजनीय और स्पर्शनीय माने गये हैं। शत्रुंजय, गिरनार, आबू, तारंगगिरि और समेतशिखर आदि स्थानों की इन्हीं में गिनती है। इन में भी शत्रुंजय नामक पर्वत सब से अधिक श्रेष्ठ, सब से अधिक पवित्र और सब से अधिक पूज्य गिना जाता है।

यह पर्वत, बम्बई ईलाखे के काठियावाड प्रदेश के गोहेलवाड प्रांत में, पालीताणा नामक एक छोटीसी देशी रियासत की राजधानी के पास है। इस का स्थान, भूगोल में, २१ अंश, ३१ कला, १० विकला उत्तर अक्षांश और ७१ अंश, ५३ कला, २० विकला पूर्व देशान्तर, हैं। पालीताणा एक कस्बा है जिस में सन् १८९१ * की मनुष्य गणना के समय १०४४२ मनुष्य बसते थे; जिन में ६५८६ हिन्दू, १९५७ जैन १८७८ मुसलमान २० कृस्तान और १ पारसी था। कस्बे में राजकीय कुछ मकानों को छोड कर शेष सब जितने बडे बडे मकान हैं वे सब जैनसमाज के हैं। शहर में सब मिला कर कोई ४० के लग भग तो यात्रीयों के ठहरने की धर्मशालायें हैं जिनमें लाखो यात्री आनंद पूर्वक ठहर सकते हैं। इन धर्मशालाओं में से कितनी ही तो लाखों रुपये की लागत की है और देखने में बडे बडे राजमहालयों सरीखी लगतीं हैं। विद्यालय, पुस्तकालय, औषधालय, आश्रम, उपाश्रय और मंदिर आदि और भी अनेक जैन संस्थायें शहर में बनी हुई है जिन के कारण यह छोटासा स्थान भी एक रमणीय शहर लगता है। यात्रियों के सतत आवागमन के कारण सदा ही एक मेला सा बना रहता है। जैनसमाज अपने धार्मिक कार्यों में कितना धन व्यय करती है यह जिसे जानना हों उसे एक सप्ताह इस शहर में बिताना चाहिए जिससे जैन लोकों की उदारता का ठीक ठीक खयाल आ जायगा। यहां पर प्रतिवर्ष न जाने कितने ही लाख रुपये, धर्मनिमित्त खर्च होते होंगे।

पालीताणा शहर से मील डेढ मील के फासले पर, पश्चिम की तरफ सुप्रसिद्ध शत्रुंजय नामक पर्वत है। शहर से पर्वत की उपत्यका तक

---

* सन् १९११ की मनुष्य-गणना के संख्यांक न मिलने के कारण यहां पर १८९१ के सन् के दिये हैं।

पक्की सडक बनी हुई है और दोनों तरफ वृक्षों की पंक्तियें लगी हुई हैं। इस पर्वत के सिद्धाचल, विमलाचल और पुण्डरिकगिरि आदि और नाम भी जैनसमाज में प्रचलित है। जैनग्रंथों में इस के २१ या १०८ तक भी नाम लिखे हुए मिलते हैं ! समुद्र के जलसे यह १९८० फीट ऊँचा है। पहाड कोई बहुत बडा या विशेष रमणीय नहीं है। परंतु जैनग्रंथ, माहात्म्य में इसे संसार भर के स्थानों से अत्यधिक बताते हैं। यों तो सेंकडों ही ग्रंथों में इस पर्वत की पवित्रता और पूज्यता का उल्लेख मिलता है परंतु **धनेश्वर** नाम के एक आचार्य का बनाया हुआ **शत्रुंजय-माहात्म्य** नाम का एक खास बडा ग्रंथ ही संस्कृत में, इस पर्वत की महिमाविषयक विद्यमान है। इस ग्रंथ में, इस पहाड का बहुत ही अलौकिक वर्णन किया गया है। हिन्दुधर्म में जिस तरह सत्ययुग, कलि-युग आदि प्रवर्तमान काल के ४ विभाग माने हुए हैं वैसे जैनधर्म में भी सुषमारक, दुःषमारक आदि ६ विभाग माने गये हैं। इन आरकों के अनुसार भारतवर्ष की प्रत्येक वस्तुओं के स्वभाव और प्रमाण आदि में परिवर्तन हुआ करते हैं। इस निमायानु सार शत्रुंजय पर्वत के विस्तृत्व और उच्चत्व में भी परावर्तन होता रहता है। माहात्म्य में लिखा है कि शत्रुंजयगिरि का प्रमाण, प्रथमारक में ८० योजन, दूसरे में ७०, तीसरे में ६०, चौथे में ५०, पाँचवे में १२ और छट्ठे में केवल ७ हाथ जितना होता है। अंग्रेजों के पवित्र स्थान **अमोना** की तरह प्रलय काल में इस पर्वत का भी सर्वथा नाश न होने का उल्लेख इस माहात्म्य में किया हुआ है।

इस पर्वत का पौराणिक-पद्धत्ति पर प्राचीन इतिहास भी, इस माहात्म्य में विस्तार पूर्वक लिखा है। इस काल के तृतीयारक के अंत में जैनधर्म के प्रथम-प्रवर्तक **श्रीऋषभदेव** भगवान् अवतीर्ण हुए। जैन-धर्म में जो २४ तीर्थंकर माने जाते हैं उन में ये प्रथम-तीर्थंकर थे।

इस कारण इन्हें **आदिनाथ** भी कहते हैं। जैनमत से, प्रवर्तमान भारतीय मानव-संस्कृति के कर्ता ये ही आदिपुरुष हैं। इन्हों ने अपने जीवन के अंतिम काल में संसार का त्याग कर श्रमणपना अंगीकार किया और अनेक प्रकारकी तपश्चर्यायें कर कैवल्य प्राप्त किया। अपनी कैवल्यावस्था में अनेकानेक वार ये शत्रुंजय पर्वत पर पधारे और इन्द्रादिकों के आगे इस पर्वत की पूज्यता और पवित्रता का वर्णन किया। भगवान् आदिनाथ के पुत्र चक्रवर्ती **भरतराज** ने इस पर्वत पर एक बहुत विशाल और परम मनोहर सुवर्णमय मंदिर बनवाया और उस में रत्नमय भगवन्मूर्ति स्थापित की। तब ही से यह पर्वत जैनधर्म में परम-पावन स्थान गिना जाने लगा। भगवान् **आदिनाथ** के प्रथम गणधर और भरतनृपति के प्रथम पुत्र **पुण्डरीक** नामक महर्षि पाँच-कोटि मुनियों के साथ चैत्री पूर्णिमा के दिन यहां पर मुक्त हुए। इस के स्मरणार्थ प्रति वर्ष इस पूर्णिमा को यहां पर आज भी हजारों जैन यात्रार्थ आते हैं। इन के सिवा **नमि–विनमी** नाम के विद्याधर दो करोड मुनियों के साथ, **द्रविड** और **वारिखिल्य** नाम के दो भाई दश करोड मुनियों के साथ, भरतराज और उनके उत्तराधिकारी असंख्य नृपति, **राम–भरतादि** तीन करोड मुनि, **श्रीकृष्ण** के **प्रद्युम्न** और **शाम्ब** आदि साढे आठ करोड कुमार, वीस करोड मुनि सहित **पांडव भ्राता** और **नारदादि** ९१ लाख मुनि यहां पर मुक्ति को पहुंचे हैं। और भी हजारों ऋषि-मुनि इस पर्वत पर तपश्चर्या कर निर्वाण प्राप्त हुए हैं। अनादि काल से असंख्य तीर्थंकर और श्रमण यहां पर मोक्ष को गये हैं और जायँगे। एक **नेमिनाथ** तीर्थंकर को छोड कर शेष सब २३ ही तीर्थंकर इस गिरि का स्पर्श कर गये हैं। इस कारण यह तीर्थ संसार में सब से अधिक पवित्र हैं। जो मनुष्य भावपूर्वक एक वार भी इस सिद्धक्षेत्र का स्पर्श कर पाता है वह तीन जन्म के भीतर अवश्य ही मोक्ष प्राप्त कर लेता है। इस तीर्थ में

जो पशु और पक्षी रहते हैं वे भी जन्मान्तरों में मुक्त हो जायँगे। यहां तक लिखा है कि—

मयूरसर्पसिंहाद्या हिंस्रा अप्यत्र पर्वते।
सिद्धाः सिध्यन्ति सेत्स्यन्ति प्राणिनो जिनदर्शनात्॥
बाल्येपि यौवने वार्ध्ये तिर्यक्जातौ च यत्कृतम्।
तत्पापं विलयं याति सिद्धाद्रेः स्पर्शनादपि॥

अर्थात्–मयूर, सर्प और सिंह आदि जैसे क्रूर और हिंसक प्राणी भी, जो इस पर्वत पर रहते हैं, जिन-देव के दर्शन से सिद्धि को प्राप्त कर लेते हैं। तथा बाल, यौवन और वृद्धावस्था में या तिर्यंच जाति में जों पाप किया हों वह इस पर्वत के स्पर्श मात्र से ही नष्ट हो जाता है।

इस प्रकार बहुत कुछ इस गिरि का, इस ग्रंथ में माहात्म्य लिखा हुआ है। भरतराज ने इस गिरि पर जो कांचनमय मंदिर बनाया था उस का पुनरुद्धार पीछे से अनेक देव और नृपतियों ने किया। पुराण युग में किये गये ऐसे १२ उद्धारोंका–तथा कुछ ऐतिहासिक युग के भी उद्धारों का वर्णन इस माहात्म्य में लिखा हुआ है। भरतादिकों ने जो रत्नमय और पिछले उद्धारकों ने जो कांचनमय या रजतमय जिनप्रतिमायें प्रतिष्ठित की थीं उन्हें, अन्य उद्धारकोंने, भावी काल की निःकृष्टता का खयाल कर, पर्वत के किसी गुप्त गुहा-स्थान में स्थापित कर देने का जिक्र भी माहात्म्यकार ने स्पष्ट कर दिया है। और लिखा है कि वहां पर—उन गुप्त स्थानों में—आज भी उन प्रतिमाओं की देवता निरंतर पूजा किया करते हैं! पुराण-युग के १२ उद्धारों की नामावली इस प्रकार है—

१—आदिनाथ तीर्थंकर के समय में भरत राजा का उद्धार।

२—भरतराज के आठवे वंशज दंडवीर्य राजा का उद्धार।

३—सीमन्धर तीर्थंकर के उपदेश से ईशानेन्द्र का उद्धार ।

४—माहेन्द्र नामक देवेन्द्र का उद्धार ।

५—पाँचवे इन्द्र का उद्धार ।

६—चमरेन्द्र का उद्धार ।

७—अजितनाथ तीर्थंकर के वारे में सगर चक्रवर्ती का उद्धार ।

८—व्यन्तरेन्द्र का उद्धार ।

९—चन्द्रप्रभु तीर्थंकर के समय में चन्द्रयशा नृप का उद्धार ।

१०—शान्तिनाथ तीर्थंकर के पुत्र चक्रायुद्ध का उद्धार ।

११—मुनिसुव्रतस्वामी के शासन में रामचन्द्र का उद्धार ।

१२—नेमिनाथ तीर्थंकर की विद्यमानता में पाण्डवों का उद्धार ।

ऐतिहासिक–युग के उद्धारों में **जावड-शाह** का उद्धार मुख्यतया इस माहात्म्य में वर्णित है । सर अलेक्झान्डर किन्लॉक **फॉर्बस** (Hon'-ble Alexander Kinloch Forbes.) साहबने अपनी **'रासमाला'** नामक गुजरात के इतिहास की सुप्रसिद्ध पुस्तक में भी इस उद्धार का वर्णन उध्दृत किया है जो यहां पर दिया जाता है ।

" जिस समय सुप्रसिद्ध नृपति **विक्रमादित्य** इस भारत-भूमि को ऋणमुक्त कर रहे थे उस समय **भावड** नामक एक दरिद्र-श्रावक **भावल** नामक अपनी भार्या सहित **काम्पिल्यपुर** नामक स्थान में रहता था। एक समय दो जैनमुनि उस के घर भिक्षार्थ आए । **भावल** ने उन्हें शुद्ध और निर्दोष आहार का भावपूर्वक दान दिया और बाद में अपनी दरिद्रावस्था के विषय में कुछ प्रश्न किया । मुनिने कहा:–एक उत्तम जाति की घोडी तुमारे घर पर बिकने आयगी उसे तुमने ले लेना । उस घोडी के कारण तुमारी दरिद्रता नष्ट हो जायगी । यह कह कर मुनि अपने स्थान पर

चले गये। भावल ने अपने पति भावड से मुनियों का कथन कह सुनाया। थोडे ही दिन में एक घोडी उस के घर पर आइ जिसे उसने खरीद लिया। उस की उसने अच्छी संभाल रक्खी। कुछ समय बाद उस ने एक उत्तम लक्षण वाले घोडे को जन्म दिया। योग्य उम्र में आ जाने पर, एक राजा के पास उसे बेच दिया। राजाने उस के मूल्य में ३ लाख रुपये दिये। इन रुपयों द्वारा भावड ने बहुत से अच्छे अच्छे घोडे खरीद किये और उन्हें अच्छी तरह तैयार कर महाराज विक्रमादित्य के पास ले गया। राजा ने उन घोडों को ले कर उस के बदले में मधुवती (हाल में जिसे महुवा-बंदर कहते हैं और जो शत्रुंजय से दक्षिण की ओर २०-२५ मील दूर पर है) गाँव भावड को इनाम में दिया। वहां पर भावड के एक पुत्र हुआ जिस का नाम जावड रक्खा गया। कुछ समय बाद भावड मर गया और जावड अपने पिताकी संपत्ति का मालिक बना। एक समय, म्लेच्छ लोगों का बडा भारी हमला समुद्र द्वारा आया और सौराष्ट्र, लाट कच्छ वगैरह देशों को खूब लूटा। इन देशों की बहुत सी संपत्ति के साथ कितने ही बाल बच्चों तथा स्त्री-पुरुषों को भी पकड कर वे अपने देश में ले गये। दुर्भाग्य वश जावड भी उन्हीं में पकडा गया। जावड बडा बुद्धिशाली और चतुर व्यापारी था इस लिये वह अपने कौशल से उन म्लेच्छों को प्रसन्न कर वहीं स्वतंत्र रूपसे रहने लगा और व्यापार चलाने लगा। व्यापार में उसे थोडे ही समय में बहुत द्रव्य प्राप्त हो गया। वह उस म्लेच्छ-भूमि में भी अपने स्वदेश की ही समान जैनधर्म का पालन करने लगा। वहां पर एक सुंदर जैनमंदिर भी उस ने बनाया। जो कोई अपने देश का मनुष्य वहां पर चला आता था उसे जावड सर्वप्रकार की सहायता देता था। इस से बहुत सा जैनसमुदाय वहां पर एकत्र हो गया था। किसी समय कोई जैन मुनि उस नगर में

जा पहुंचे । **जावड** ने उन का बडे हर्षपूर्वक सत्कार किया । प्रसंगवश मुनिमहाराज ने **शत्रुंजयतीर्थ** का हाल सुनाया और म्लेच्छों ने उस को नष्ट–भ्रष्ट कर दिया है इस लिये पुनरुद्धार करने की आवश्यकता बताई । **जावड** ने अपने सिर इस कार्य को लिया। एक महिने की तपश्चर्या कर **चक्रेश्वरी–देवी** का आराधन किया । देवी ने प्रसन्न हो कर कहा–' **तक्षशिला** नगरी में, **जगन्मल्ल** नामक राजा के पास जा कर, वहां के धर्मचक्र के अग्रभाग में रहा हुआ जो अर्हद्बिम्ब है, उसे ले जा कर **शत्रुंजय** पर स्थापन कर ।' देवी के कथनानुसार **जावड तक्षशिला** में गया और राजा की आज्ञा पा कर धर्मचक्र में रही हुई **ऋषभदेव** तीर्थंकर की प्रतिमा को तीन प्रदक्षिणा दे कर उठाई । महोत्सव के साथ उस प्रतिमाको अपने जन्म–स्थान **मधुमती** में लाया । जावड ने बहुत वर्षों पहले, म्लेच्छ-देश में से बहुत से जहाज, माल भर कर चीन वगैरह देशों को भेजे थे वे समुद्र में घूमते फिरते इसी समय **मधुमती** नगर के किनारे आ लगे । ये जहाज माल बेच कर उस के बदले में सुन्ना भर कर लाये थे । **जावड** को इन की खबर सुन कर बहुत खुशी हुई । सब जहाज वहीं पर खाली कर लिये गये । जैनसंघ के आचार्य **श्रीवज्रस्वामी** भी इस समय **मधुमती** में पधारे । उन की अध्यक्षता में **जावड** नें वहां से बडा भारी संघ निकाला और उस भगवत्प्रतिमा को ले कर **शत्रुंजय** के पास पहुंचा । आचार्य **श्रीवज्रस्वामी** के साथ **जावड** सारे ही संघ समेत गिरिराज पर चढने लगा । असुरों ने रास्ते में कितने ही उपद्रव और विघ्न किये जिन का शान्तिकर्म द्वारा **श्रीवज्रस्वामी** ने निवारण किया । ऊपर जा कर देखा तो सर्वत्र हड्डी वगैरह अपवित्र पदार्थ पडे हुए थे । मन्दिरों पर बेसुमार घास ऊगी हुई थी । शिखर आदि टूट फूट गये थे । तीर्थ की यह अधमावस्था

देख कर संघपति और संघ बडा खिन्न हुआ। जावड ने पहले सब जगह साफ करवाई। शत्रुंजयी नदी के जल से सर्वत्र प्रक्षालन करवाया। मन्दिरों का स्मारक काम बनवा कर तक्षशिला से लाई हुई प्रतिमा की स्थापना की। उस कार्य में असुरों ने बहुत कुछ विघ्न डाले परंतु श्रीवज्रस्वामी ने अपने दैवी सामर्थ्य से उन सब का निवारण किया। प्रतिष्ठादिक कार्यों में जावड ने अगणित धन खर्च किया। मन्दिर के शिखरपर ध्वजारोपण करने के लिये जावड स्वयं अपनी स्त्री सहित शिखर पर चढा। ध्वजारोपण किये बाद सर्व कार्यों की पूर्णाहूति हुई समझ कर और अपने हाथों से इस महान् तीर्थ का उद्धार हुआ देख कर दोनों (दम्पति) के हर्ष का पार नहीं रहा। वे आनन्दावेश में आ कर वहीं पर नाचने लगे जिससे शिखर पर से नीचे गिर पडे। मर्मांतक आघात लगने के कारण, तत्काल शरीर त्याग कर उन का उन्नत आत्मा स्वर्ग की ओर प्रस्थित हो गया। जावड के पुत्र जाजनाग और संघ ने इस विपत्ति का बडा दुःख मनाया। परन्तु आचार्य महाराज के उपदेश से सब शान्तचित्त हुए। जावड ने इस तीर्थ की रक्षाके लिये और भी अनेक प्रबन्ध करने चाहे थे परंतु भवितव्यता के आगे वे विफल गये। इस कारण आज भी जो कार्य पूर्णता को नहीं पहुंचता उस के विषय में 'यह तो जावड भावड कार्य है!' ऐसी लोकोक्ति इस देशमें (गुजरात और काठियावाड में) प्रचलित है।"

जावड शाह के इस उद्धार की मीति विक्रम संवत् १०८ दी गई है। इस उद्धार के बाद के एक और उद्धार का भी इस माहात्म्य में उल्लेख है। यह संवत् ४७७ में हुआ था। इस का कर्ता वल्लभी का राजा शिलादित्य था। जावड शाह के उद्धार बाद सौराष्ट्र और लाट आदि देशो में बौद्धधर्म का विशेष जोर बढने लगा। परवादियों के लिये दुर्जय ऐसे बौद्धाचार्यों ने इन देशों के राजओं को अपने मतानुयायी

बनाये और उन के द्वारा जैनधर्म के आचार्यों को देशनिकाल दिलवया। जैनों के जितने तीर्थ थे उन पर बौद्धाचार्यों ने अपना दखल जमाया और उन में अर्हतों की मूर्तियों की जगह बुद्धमूर्तियें स्थापित की। **शत्रुंजय** तीर्थ पर भी उन्हों ने वैसा ही बर्ताव किया। कुछ समय बाद **चंद्रगच्छ** में **धनेश्वरसूरि** नाम के एक तेजस्वी जैनाचार्य हुए। उन्हों ने **वल्लभी** के राजा **शिलादित्य** को प्रतिबोध किया और उसे जैन बनाया। राजा बौद्धों के अत्याचारों से रुष्ट हो कर उन्हें देश-निकाल किया। **धनेश्वरसूरि** ने यह **शत्रुंजय-महात्मय** बनाया*। इस का श्रवण कर **शिलादित्य** ने **शत्रुंजय** का पुनरुद्धार करवाया और **ऋषभदेव** भगवान की नई मूर्ति प्रतिष्ठित की। इस प्रकार ऐतिहासिक-युग के इन दो उद्धारों का वर्णन इस माहात्म्य में हैं।

इस माहात्म्य के सिवा, इस तीर्थ के दो कल्प भी मिलते हैं जिन में का एक प्राकृत में है और दूसरा संस्कृत में। प्राकृत-कल्प के कर्ता **तपागच्छ** के आचार्य **धर्मघोषसूरि** हैं और संस्कृत के कर्ता **खरतरगच्छ** के **जिनप्रभसूरि**। शत्रुंजय माहात्म्य में जिन बातों का विस्तृत वर्णन है, इन कल्पों में उन सब का संक्षिप्त सूचन मात्र है। इन कल्पों में यह भी लिखा है कि -इस तीर्थ -पर्वत- पर अनेक प्रकार के रत्नों की खानें हैं, नाना तरह की चित्र विचित्र जड़ीबुट्टियें हैं, कई रसकुंपिकायें छीपी हुई हैं और गुप्त गुहाओं में, पूर्व काल के उद्धारकों की करवाई हुई रत्नमय तथा सुवर्णमय जिनप्रतिमायें, देवताओं द्वारा सदा पूजित रहती हैं।

प्रभावक आचार्यों द्वारा शत्रुंजय का इस प्रकार, अलौकिक और आश्चर्यजनक माहात्म्य कहे जाने के कारण जैन प्रजा की इस तीर्थ पर

---

* ऐतिहासिक विद्वान इस के कर्तृत्व विषय में शंकाशील हैं। वे इसे आधुनिक बताते हैं। 'बृहट्टिप्पनिका' के लेखक का भी यही मत है। हमने केवल माहात्म्य की दृष्टि से इस का उल्लेख किया है, इतिहास की दृष्टि से नहीं।

सेंकडों वर्षों से अनुपम आस्था रही हुई है। यही कारण है कि, अन्यान्य सेंकडों बडे बडे तीर्थों का नाम जैनप्रजा जब सर्वथा भूल गई है तब, अनेकानेक विपत्तियों के उपस्थित होने पर भी आज तक इस तीर्थ का वैसा ही गौरव बना हुआ है। परमार्हत महाराज **कुमारपाल** के समय, कि जब जैनप्रजा भारतवर्ष के प्रजागण में सर्वोच्च स्थान पर विराजित थी तब, जैसा इस तीर्थ पर द्रव्य व्यय कर रही थी वैसा ही आज भी कर रही है। मतलब यह कि देश पर अनेक विप्लव, अनेक अत्याचार, अनेक कष्ट और आपदायें आ जाने पर भी, कई वार म्लेच्छों द्वारा मंदिर और मूर्तियें नष्ट-भ्रष्ट किये जाने पर भी, यह तीर्थ जो वैसा का वैसा ही तैयार होता रहा है इस का कारण केवल जैन-प्रजा की हार्दिक भक्ति ही है। जैनों ने इस तीर्थ पर जितना द्रव्य खर्च किया है उतना संसार के शायद ही किसी तीर्थ पर, किसी प्रजा ने किया होगा। अलेक्सान्डर **फार्बस** साहब ने, **रासमाला** में, यथार्थ ही लिखा है कि—" हिन्दुस्थान में, चारों तरफ से—सिंधुनदी से लेकर पवित्र गंगानदी तक और हिमालय के हिम-मुकुटधारी शिखरों से तो उस की कन्या कुमारी, जो रुद्र के लिये अर्द्धांगना तया सर्जित हुई है, उस के भद्रासन पर्यंत के प्रदेश में एक भी नगर ऐसा न होगा जहां से एक या दूसरी बार, शत्रुंजय पर्वत के शृंग को शोभित करनेवाले मंदिरों को द्रव्य की विपुल भेंटें न आई हों।" (RÂS-MÂLÂ VOL, I. Page 6.)

इस तीर्थ में पूज्यबुद्धि रखने वाले जैनसमाज में ऐसे विरल ही मनुष्य मिलेंगे जो जीवन में एक बार भी इस तीर्थ की यात्रा न कर गये हों या न करना चाहते हों। हजारों मनुष्य तो ऐसे हैं जो वर्ष भर में कई दफे यहां हो जाते हैं। हिंदुस्तान में रेल्वे का प्रचार होने के पूर्व यात्रियों को दूरदेश की मुसाफिरी करनी इतनी सहज न थी

जितनी आज है। उस समय बडी बडी काठिनाइयें रास्ते में भुगतनी पडती थी, कई दफे लुटेरों और डाकूओं द्वारा जान-माल तक भी लूटा जाता था, राजकीय विपत्तियों में बेतरह फंस जाना पडता था, तो भी प्रतिवर्ष लाखों लोग इस महातीर्थ की यात्रा करने के लिये अवश्य आया जाया करते थे। उस जमाने में, वर्तमान समय की तरह छूटे छूटे मनुष्यों का आना बडा ही कठिन और कष्टजन्य था इस लिये सेंकडों-हजारों मनुष्यों का समुदाय एकत्र हो कर और शक्य उतना सब प्रकार का बन्दोबस्त कर के आते जाते थे। इस प्रकार के यात्रियों के समुदाय का ' संघ ' के नाम से व्यवहार होता था। उस पिछले जमाने में प्रायः जितने अच्छे धनिक और वैभवशाली श्रावक होते थे वे अपने जीवन में, संपत्ति अनुसार धन खर्च कर, अपनी ओर से ऐसे एक दो या उस से भी अधिक वार संघ निकालते थे और साधारण अवस्था वाले हजारों श्रावकों को अपने द्रव्य से इस गिरिराज की यात्रा कराते थे। गूर्जरमहामात्य **वस्तुपाल–तेजपाल** जैसोंने लाखों–लाखों क्यों करोडों–रुपये खर्च कर कई वार संघ निकाले थे। उन पुराणे दानवीरों की बात जाने दीजिए। गत १९ वीं शताब्दी के अंत में तथा इस २० वीं के प्रारंभ में भी ऐसे कितने ही भाग्यशालियों ने संघ निकाले थे जिन में लाखों रुपये व्यय किये गये थे। **संवत् १८९५ में, जेसलमेर के * पटवों ने जो संघ निकाला था उस में कोई १३ लाख रुपये खर्च हुए थे।** अहमदाबाद की **हरकुंअर शेठाणी** के संघ में भी कई लाख लगे थे।

शत्रुंजय–माहात्म्य में संघ निकाल कर इस गिरीश्वर की यात्रा करने—कराने में बडा पुण्य उत्पन्न होना लिखा है और जो* संघपति–

---

* इस संघ का संपूर्ण वृत्तान्त जानने के लिये देखो " **पटवों के संघ का इतिहास** " नामक मेरी पुस्तक।

पद प्राप्त करता है उस का जन्म सफल होना माना गया है। संघपति पद की बहुत ही प्रशंसा की गई है। लिखा है कि:—

ऐन्द्रं पदं चक्रिपदं श्लाघ्यं श्लाघ्यतरं पुनः।
संघाधिपपदं ताभ्यां न विना सुकृतार्जनात् ॥

अर्थात्– इन्द्र और चक्रवर्ती के पद तो जगत् में श्रेष्ठ है ही परंतु 'संघपति' का पद इन दोनों से अधिक उच्च है जो विना सुकृत के प्राप्त नहीं होता। इस श्रेष्ठता के कारण जिन के पास पूर्वपुण्य से यथेष्ट संपत्ति विद्यमान होती है वे इस पद को प्राप्त करने की अभिलाषा रक्खें यह स्वाभाविक ही है। सचमुच ही जो मनुष्य शास्त्रोक्त रीति से भावपूर्वक संघ निकालता है वह अवश्य ही महत्पुण्य उपार्जन करता है। सच्चा संघपति केवल उदारता ही के कारण नहीं बनता परंतु न्याय, नीति, दया और इन्द्रियदमन आदि और भी अनेकानेक उत्तम गुणों को धारण करने के कारण बनता है। पिछले जमानों में मंत्री बाहड, वस्तुपाल–तेजपाल, जगडू शाह, पेथड शाह, समरा शाह, आदि असंख्य श्रावकों ने ऐसे संघ निकाल कर अगणित सुकृत उपार्जन किया है।

* * * *

* जो संघ निकालता है उसे चतुर्विध समुदाय की ओर से '**संघपति**' का पद समर्पित किया जाता है जो उस के भावी वंशज भी उस पदका मान प्राप्त करते रहते हैं। जैनप्रजा में बहुत से कुटुम्बों की जो '**संघवी**' अटक है वह इसी '**संघपति**' शब्द का अपभ्रष्ट रूप है। किसी पूर्वज के संघ निकालने के कारण यह पद उस कुटुम्बको प्राप्त हुआ होता है।

आधुनिक वृत्तान्त।

शत्रुंजय पर्वतका प्राचीन परिचय करा कर अब हम पाठकों को इस के ऊपर ले चलते हैं और वर्तमान समय में जो कुछ विद्यमान हैं उस का कुछ थोडा सा अभिज्ञान कराते हैं।

पालीताणा शहर में मे जो सडक शत्रुंजयकी ओर जाती है वह पहाड के मूल तक पहुंचती है। इस स्थान को '**भाथा तलेटी**' कहते हैं। यहां पर एक दो मकान बने हुए हैं जिन में जो यात्री पर्वत की यात्रा कर वापस लौटता है उसे विश्रान्ति लेने के लिये. अच्छा आश्रय मिलता है। प्रत्येक यात्री को लगभग पावभर का एक मोतीचूर का लड्डू और थोडे से बेसन के सेव खाने के लिये दिये जाते हैं। इन को खा कर और ऊपर ठंडा जल पी कर थके हुए यात्री बहुत कुछ आश्वासन पाते हैं। इस को गुजराती बोली में 'भाथा' कहते हैं। इसी के नाम पर यह स्थान 'भाथातलेटी' कहा जाता है। जो त्यागी ठंडा-(कच्चा) पानी नहीं पीते उन के लिये पानी गर्म कर के ठारा हुआ भी तैयार रहता है। इक्के, गाडी, घोडे, आदि वाहन यहीं तक चल सकते हैं। यहां से पहाड का चढाव शुरू होता है। चढते समय दाहनी तरफ बाबू का विशाल मंदिर मिलता है। यह मंदिर बंगाल के मुर्शिदाबाद वाले सुप्रसिद्ध रायबहादुर बाबू **धनपतिसिंह** और **लक्ष्मीपतिसिंह** ने अपनी माता **महेताबकुंअर** के स्मरणार्थ बनाया है। संवत् १९५० में, अपने बडे रिसाले के साथ आकर बाबूजी ने बडी धामधूमसे इस की प्रतिष्ठा कराई है। इस मंदिर में बाबूजी ने बहुत धन खर्च किया है। मंदिर बडा सुशोभित और खूब सजा हुआ है। उक्त बाबूजी ने अनेक धर्मकृत्य किये हैं और उन में लाखों रुपये बडी उदारता के साथ व्यय

किये हैं। उन्हों ने कोई दो--ढाई लाख रुपये खर्च कर जैनसूत्रों को भी छपवाया था। ये सूत्र सब स्थानों में, सन्दूकों में भर भर कर भेज दिये गये थे। जितने बचे हैं वे इस मंदिर में--एक स्थान में, रक्खे हुए हैं। जिन को जरूरत होती है उन्हें, यदि योग्य समझा तो, मुफ्त दिये जाते हैं।

पर्वत के चढाव का वर्णन **जैनहितैषी** के सुयोग्य सम्पादक दिगम्बर विद्वान् श्रीयुत **नाथूरामजी** प्रेमी ने अपने एक लेखमें, संक्षेप में परंतु बडी अच्छी रीतिसे, लिखा है जो यहां पर उद्धृत किया जाता है।

" इस टोंक को छोड कर कुछ ऊँचे चढने पर एक विश्रामस्थल मिलता है जिसे ' धोली परब का विसामा ' कहते हैं। यहां पानी की एक प्याऊ (प्रपा) लगी है। इस तरह के विश्रामस्थलों, प्रपाओं, कुंडों तथा जलाशयों का प्रबन्ध थोडी थोडी दूर पर सारे ही पर्वत पर हो रहा है। इन से यात्रियों को बहुत आराम मिलता है। धूप और शक्तिसे अधिक परिश्रममें व्याकुल हुए स्त्री-पुरुष इस प्रपाओं के शीतल जल को पी कर मानों खोई हुई शक्ति को फिरसे प्राप्त कर लेते हैं। इस प्याऊ के समीप ही एक छोटीसी देहरी है जिसमें भरतचक्रवर्ती के चरण स्थापित हैं। इन की स्थापना वि. सं. १६८५ में हुई है। इस तरह की देहरियां जगह जगह बनी हुई हैं जिन में कहीं चरण ओर कहीं प्रतिमायें स्थापित हैं।

" आगे एक जगह कुमारपाल कुण्ड और कुमारपाल का विश्रामस्थल है। कहते हैं कि यह गुजरात के चालुक्यवंशीय राजा **कुमारपाल** का बनवाया हुआ है।

" जब पर्वत की चढाई लगभग आधी रह जाती है तब हिंगलाज देवी की देहरी मिलती है। यहां एक बूढा ब्राह्मण बैठा रहता है जो

बडे जोर जोरसे चिल्लाकर कहता है कि—" आदीश्वर भगवान के इतने करोड पुत्र सिद्धपदको प्राप्त हुए हैं, " और देवी को कुछ चढाते जाने के लिये सब को सचेत करता रहता है। भोले लोग समझते हैं कि हिंगलाजकी पूजा करने से पर्वत के चढने में कष्ट नहीं होता है! यहां से चढाई बिलकुल खडी और ठाँठी होनेके कारण कुछ कठिन है।

" आगे सबसे अन्तिम टेकरीपर हनुमान की देहरी मिलती है। इस में सिन्दूरलिप्त वानराकार हनुमानकी मूर्ति विराजमान् है। इसी प्रकार की गणेश, भवानी आदि हिन्दू देव–देवियों की मूर्तियाँ और भी कई जगह स्थापित हैं। इन की स्थापना पर्वत के ब्राह्मण पुजारियों या सिपाहियों ने की होगी।

" यहाँ से आगे दो रास्ते निकले हैं। (एक सीधा बडी टोंक को जाता है और दूसरा सब टोंकों में हो कर वहां जाता है।) दाहनी ओर के रास्ते से पहले कोट के भीतर जाना होता है। यहां एक झाड के नीचे एक मुसलमान पीर की कब्र बनी हुई है। इस के विषय में एक दन्तकथा प्रचलित है कि—**अंगारशा** नाम का एक करामाती फकीर था। वह जब जीता था तब पाँच भूतों को अपने काबू में रख सकता था। उस ने एक बार गर्वित हो कर **आदिनाथ** भगवानकी प्रतिमापर कुछ उत्पात मचाया, इस से किसी ने उसे मार डाला। मर कर वह पिशाच हुआ। और मंदिर के पूजारियों को तरह तरह की तकलीफें देने लगा और आखिर इस शर्तपर शान्त हुआ कि इस स्थानपर मेरी हड्डियां गड़ाइ जायँ। लाचार हो कर लोगों ने वहां उस की कब्र बनादी। कर्नल टॉड साहब को इस प्रवाद पर विश्वास नहीं है। वे कहते हैं कि हिन्दू लोग इस प्रकार की दन्तकथायें गढ लेने में बडे ही सिद्धहस्त हैं। यदि कभी किसी मौके पर उन के धर्म का अपमान हो और वे अपने प्रति-पक्षीसे टक्कर न ले सकें तो वे उस अपमान को दूर करने के लिये

इसी हिकमत को काम में लाया करते हैं। इस विषय में श्रावक लोगों में जो प्रवाद चला आ रहा है वह अवश्य ही कुछ ठीक जान पडता है। प्रवाद यह है कि बादशाह अलाउद्दीन के समयमें श्रावकों ने अपनी रक्षा के लिये यह कब्र बनवाई थी। एक मुसलमान फकीर की कब्र के कारण—जो की बहुत ही पूज्य समझा जाता था—बहुत संभव है कि मुसलमानों ने इस पवित्र तीर्थ पर उत्पात मचाना उचित न समझा हो। शुरू से यह स्थान श्रावकों के ही अधिकार में चला आता है।

" पर्वत की चोटी के दो भाग हैं। ये दोनों ही लगभग तीन सौ अस्सी अस्सी गज लम्बे हैं और सर्वत्र ही मन्दिरमय हो रहे हैं। मन्दिरों के समूह को टोंक कहते हैं। टोंक में एक मुख्य मंदिर और दूसरे अनेक छोटे छोटे मंदिर होते हैं। यहां की प्रत्येक टोंक एक एक मजबूत कोट से घिरी हुई है। एक एक कोट में कई कई दर्वाजे हैं। इन में से कई कोट बहुत ही बडे बडे हैं। उन की बनावट बिलकुल किलों के ढंग की है। टोंक विस्तार में छोटी बडी हैं। अन्त की दशवीं टोंक सबसे बडी है। उस ने पर्वत की चोटी का दूसरा हिस्सा सब का सब रोक रक्खा है।

" पर्वत की चोटी के किसी भी स्थान में खडे होकर आप देखिए हजारों मन्दिरों का बडा ही सुन्दर, दिव्य और आश्चर्यजनक दृश्य दिखलाई देता है। इस समय दुनिया में शायद ही कोई पर्वत ऐसा होगा जिस पर इतने सघन, अगणित और बहु—मूल्य मन्दिर बनवाये गये हों। मन्दिरों का इसे एक शहर ही समझना चाहिए। पर्वत के बहिःप्रदेशों का सुदूर—व्यापी दृश्य भी यहां से बडा ही रमणीय दिखलाई देता है।"

फार्बस साहब '**रासमाला**' में लिखते हैं कि—" शत्रुंजय पर्वत के शिखर ऊपर से, पश्चिम दिशा की ओर देखते, जब आकाश निर्मल और दिन प्रकाशमान होता है तब, **नेमिनाथ** तीर्थंकर के कारण पवि-

त्रता को पाया हुआ रमणीय पर्वत **गिरनार** दिखाई देता है। उत्तर की तरफ **शीहोर** की आसपास के पहाड, नष्टावस्था को प्राप्त हुई हुई **वल्लभी** के विचित्र दृश्यों का शायद ही रुन्धन करते है। आदिनाथ के पर्वतकी तलेटी से सटे हुए **पालिताणा** शहर के मिनारे, जो घन-घटा के आरपार, धूप में चलका करते हैं, दृष्टिगोचर होने पर दृश्य के अग्रगामी बनते हैं; और नजर जो है सो चाँदी के प्रवाह समान चमकती हुई **शत्रुंजयी नदी** के बांके चूंके बहते पूर्वीय प्रवाह के साथ धीरे धीरे चलती हुई तलाजे के, सुंदर देवमंदिरों से शोभित पर्वत पर, थोडी सी देर तक जा ठहरती है, और वहां से परलीपार जहां प्राचीन **गोपनाथ** और **मधुमती** को, ऊछलते समुद्र की लीला करती हूई लहरें आ आकर टकराती हैं, वहां तक पहुंच जाती है।"

पर्वत पर की सभी टोंकों के इर्द गिर्द एक बडा मजबूत पत्थरका कोट बना हुआ है। कोट में गोली चलाने योग्य भवांरियॉ भी बनी हुई हैं। इस कोट के कारण पर्वत एक किले ही का रूप धारण किये हुए है। टोंकों में प्रवेश करने के लिये आखे कोट में केवल दो ही बडे दर्वाजे बने हुए हैं। "कोटके भीतर प्रवेश कीजिए कि एक चौक के बाद दूसरा चौक और दूसरे के बाद तीसरा; इसी तरह एक मन्दिर के बाद दूसरा मन्दिर और दूसरे के बाद तीसरा;—चौक और मन्दिर मिलते चले जायँगे। मन्दिरो की कारीगरी, उन की बनावट, उन में लगा हुआ पत्थर और उन के भीतर की सजावट का सैंकडों प्रकार का सामान आदि सब ही चीजें बहुमूल्य हैं। प्रतिमाओं की तो कुछ गिनती ही नहीं हैं। एक श्रद्धालु भक्त की जिधर को नजर जाती है, उधर ही उसे मुक्तात्माओं के प्रतिबिम्ब दिखलाइ देते हैं। कुछ समय के लिये तो मानो वह आपको मुक्तिनगरी का एक पथिक समझने लगता है।"

फार्बस साहब भी कहते हैं कि— "प्रत्येक मन्दिर के गर्भागार में आदिनाथ अजितनाथ वगैरह तीर्थंकरों की एक या अधिक मूर्तियें विराजमान हैं। उदासीनवृत्ति को धारण की हुई इन संगमर्मर की मूर्तियों का सुन्दर आकार, चाँदीकी दीपिकाओं के मन्द प्रकाश में अस्पष्ट परंतु भव्य दिखाई देता है। अगरबत्तियों की सघन सुगन्धि सारे पर्वत पर व्याप्त रहती है। संगमर्मर के चमकीले फरसपर भक्तिमान् स्त्रियें, सुवर्ण के शृंगार और विविध रंग के वस्त्र पहन कर जगजगाहट मारती हुई और एकस्वर से परंतु मधुर अवाज से स्तवना करती हुई, नंगे पैर से धीमे धीमे मंदिरों को प्रदक्षिणा दिया करती हैं। शत्रुंजय पर्वत को सचमुच ही, पूर्वीय देशों की अद्भुत कथाओं के एक कल्पित पहाड की यथार्थ उपमा दी जा सकती है और उस के अधिवासी मानो एकाएक संगमर्मर के पुतले बन गये हों, परन्तु अप्सरायें आ कर उन्हें अपने हाथों से स्वच्छ और चमकित रखती हों, सुगन्धित पदार्थों के धूप धरती हों तथा अपने सुस्वर द्वारा देवों के शृंगारिक गीत गा कर हवा को गान से भरती हों; ऐसा आभास होता है।"

पर्वत पर नौ या दश टोंक हैं। प्रत्येक टोंक में छोटे बडे सेंकडों मन्दिर बने हुए हैं। यदि इन मन्दिरों का पूरा पूरा हाल लिखा जाय तो एक बहुत ही बडी पुस्तक बन जायें। इतने मन्दिरों का वृत्तान्त लिखना तो बडी बात है गिनती भी करना कठिन है। हम यहां पर संक्षेप में केवल नौ टोंकों का उल्लेख कर देते हैं।

१ चौमुखजी की टोंक।

यह टोंक दो विभागों में बंटी हुई है। बहार के विभाग को '**खरतर–वसही**' और अन्दर के को '**चौमुख–वसही**' कहते हैं। यह टोंक पर्वत के सब से ऊँचे भाग पर बनी हुई है। '**चौमुख–वसही**'

के मध्य में आदिनाथ भगवान् का चतुर्मुख प्रासाद (मन्दिर) है। यह प्रासाद क्या है मानो एक बडा भारी गढ है। इस की लम्बाई ६३ फुट और चौडाइ ५७ फुट है। इस का गुम्बज ९६ फुट ऊँचा है। मन्दिर के पूर्व मण्डप है, जिस के पश्चिम ३१ फुट लम्बा और इतना ही चौडा एक कमरा है। इस कमरे के दोनों बगलों में चबूतरे पर एक एक द्वार बना हुआ है। मध्यमें १२ स्तंभ लगे हैं। इस की छत गौल–गुम्बजदार है। कमरे में हो कर गर्भागार में, जो २३ फूट लम्बा और उतनाही चौडा है, जाया जाता है। इस में मूर्ति के सिंहासन के कोनों के पास ४ विचित्र खम्भे लगे हैं। फर्श से ५६ फुट ऊँचा मूर्तिके बैठने का स्थान है। चारों ओर ४ बडे बडे द्वार हैं। गर्भागार की दिवार जिस पर मूर्तियें विराजमान है, बहुत ही मोटी है। उस में अनेक छोटी छोटी कोठरियां बनी हुई हैं। फर्श में नील, श्वेत तथा भूरे रंग के सुन्दर संगमर्मर के टूकडे जडे हुए हैं। गर्भागारमें २ फुट ऊंचा, १२ फुट लम्बा और उतना ही चौडा श्वेत संगमर्मर का सिंहासन बना हुआ है। सिंहासन पर श्वेत ही संगमर्मर की बनी हुई १० फुट ऊँची **आदिनाथ** भगवान् की ४ मनोहर मूर्त्तियें पद्मासनासीन हैं। गर्भागार में के चारों ओर के द्वारों में से प्रतिद्वार की ओर एक एक मूर्तिका मुख है इस लिये यह मन्दिर ' **चौमुखवसही** ' के नाम से प्रसिद्ध है। यह मन्दिर, एक तो पर्वत के ऊंचे भाग पर होने से और दूसरा स्वयं बहुत ऊँचा होने से, आकाश के स्वच्छ होने पर २५–३० कोस की दूरी पर से दर्शकों को दिखलाई देता है। इस टोंक को **अहमदाबाद** के सेठ **सोमजी सवाई** ने संवत् १६७५ में बनाया है। ' मीराते–अहमदी ' में लिखा है कि इस मन्दिर के बनवाने में ५८ लाख रुपये लगे थे! लोग कहते हैं कि केवल ८४००० रुपयों की तो रस्सियां ही इस में काम में आई थीं!!

२ छीपावसही की टोंक।

यह टोंक छोटी ही है। इस में ३ बडे बडे मन्दिर और ४ छोटी छोटी देहरियां हैं। इसे छीपा (भावसार) लोगों नें बनाई है इस लिये यह 'छीपावसही' कही जाती है। इस का निर्माण संवत् १७९१ में हुआ है।

इस के पास एक पाण्डवों का मन्दिर है जिस में पांचों पाण्डवों की, द्रौपदी की और कुन्ती की मूर्तियां स्थापित हैं। जैनधर्म में पाण्डवों का जैन होना और उन का इस पर्वत पर मोक्ष जाना माना गया है। इस लिये जैनप्रजा उन की मूर्तियों की भी अपने तीर्थंकरों की समान पूजा करती है।

३ साकरचंद प्रेमचंद की टोंक।

इस को अहमदाबाद के सेठ साकरचंद प्रेमचंद ने संवत् १८९३ में बनाया है। इस का नाम सेठ के नामानुसार 'साकर-वसही' ऐसा रक्खा गया है। इस में तीन बडे मन्दिर और बाकी बहुत सी छोटी छोटी देहरियां हैं।

४ उजमबाई की टोंक।

अहमदाबाद के प्रख्यात नगरसेठ प्रेमाभाई की फूफी उजमबाई ने इस टोंक की रचना की है। इस कारण इस का नाम 'उजमवसही' है। इस में नन्दीश्वरद्वीप की अद्भुत रचना की गई है। भूतलपर छोटे छोटे ५७ पर्वत–शिखर संगमर्मर के बनाये गये हैं और उन प्रत्येक पर चौमुख प्रतिमायें स्थापित की हैं। इन शिखरों की चोतरफ सुन्दर कारीगरी वाली जाली लगाई गई है। इस मन्दिर के सिवा और भी अनेक मन्दिर इस में बने हुए हैं।

५ हेमाभाई सेठ की टोंक।

इस को अहमदाबाद के नगरसेठ हेमाभाई ने संवत् १८८२ में बनाया है और ८६ में प्रतिष्ठित किया है। इस में ४ बडे मन्दिर और ४३ देहरियां हैं।

६ प्रेमचंद मोदीकी टोंक।

अहमदाबाद के धनिक मोदी प्रेमचंद सेठ ने शत्रुंजय तीर्थ की यात्रा करने के लिये एक बडा भारी संघ निकाला था। तीर्थ की यात्रा किये बाद उन का दिल भी यहां पर मन्दिर बनाने का हो गया। लाखों रुपये खर्च कर यह टोंक बनाई और इस की प्रतिष्ठा करवाई। इस में छ बडे मन्दिर और ५१ देहरियां बनी हुई हैं। इस सेठ ने अपनी अगणित दौलत धर्म कार्य में खर्च की थी। कर्नल टॉड साहब ने अपने पश्चिमभारत के प्रवासवर्णन में लिखा है कि " मोदी प्रेमचन्द की दौलत का कुछ ठिकाना नहीं था। उस की कीर्तिने सम्प्रति जैसे प्रतापी और उदार राजा की कीर्ति को भी ढांक दी है। "

७ बालाभाई की टोंक।

घोघा–बन्दर के रहने वाले सेठ दीपचंद कल्याणजी, जिन का बचपन का नाम बालाभाई था, ने लाखों रुपये व्यय कर संवत् १८९३ में इस टोंक को बनाया है। इस में छोटे बडे अनेक मन्दिर अपने उन्नत शिखरों से आकाश की साथ बात कर रहे हैं।

इस टोंक के ऊपर के सिरे पर एक मन्दिर है जो ' अद्भुत ' मन्दिर कहा जाता हैं। इस में, आदिनाथ भगवान् की, पांच सौ धनुष जितने विशाल शरीरमान का अनुकरण करने वाली मूर्ति है। यह पर्वत ही में से उकीरी गई है। यह प्रतिमा १८ फूट ऊँची है। एक घुटने से दूसरे घुटने तक १४॥ फुट चौडी है। संवत् १६८६ में धरमदास सेठ

ने इस की अंजनशलाका करवाई है । इस की वर्ष भर में एक ही बार, बैशाख सुदि ६ के दिन, पूजा की जाती है जो शत्रुंजय के अन्तिम उद्धार का (जिस का ही मुख्य वर्णन इस पुस्तक में किया गया है) वार्षिक दिन गिना जाता है । बहुत से अज्ञान लोग इसे भीम की मूर्ति समझ कर पूजा करते हैं । यहां पर खडे रह कर पर्वत के शिखर पर नजर ड़ालने से, सब ही मन्दिर मानो पवन से फरकते हुए अपने ध्वजरूप हाथों द्वारा आकाश में संचरण करने वाले अदृश्य देवों को तथा ज्योतिषों को, अपने गर्भ में विराजमान् अर्हद्‌बिम्बों को पूजने के लिंये आह्वान कर रहे हैं, ऐसा आभास होता है ।

८ मोतीसाह सेठ की टोंक ।

७५ वर्ष पहले बंबई में **मोतीसाह** नाम के सेठ बडे भारी व्यापारी और धनवान् श्रावक हो गये हैं । इन्हों ने चीन, जापान आदि दूर दूरके देशों के साथ व्यापार चलाकर अखूट धन प्राप्त किया था । ये एक दफे शत्रुंजय की यात्रा कर ने के लिये संघ निकाल कर आये । उस समय अहमदाबाद के प्रख्यात सेठ हठीभाई भी वहां पर आये हुए थे । शत्रुंजय के दोनों शिखरों के मध्य में एक बडी भारी और गहरी खाई थी । इसे ' कुन्तासर की खाड ' कहा करते थे । मोतीसाह सेठ ने अपने मित्र सेठ हठीभाई से कहा कि ' गिरिराज के दोनों शिखर तो मन्दिरों से भूषित हो रहे हैं परंतु यह मध्यकी खाई, दर्शकों की दृष्टि में अपनी भयंकरता के कारण, आंख में कंकर की तरह खटके करती है । मेरा विचार है कि इसे पूर कर, ऊपर एक टोंक बनवा दूं । " यह सुन कर हठीभाई सेठ ने कहा " पूर्वकाल में जो बडे बडे राजा और महामात्य हो गये हैं वे भी इस की पूर्ति न कर सके तो फिर तुम इस पर टोंक कैसे बना सकते हो ? " मोतीसाह सेठ ने हँस कर जवाब दिया कि

"धर्म प्रभाव से मेरा इतना सामर्थ्य है कि पत्थर से तो क्या परन्तु सीसे की पाटों से और सक्कर के थेलों से इस खाई को मैं पूरा सकता हूं!" बस यह कह कर सेठ ने उसी दिन, वहां पर टोंक बांधने के लिये संघ से इजाजत ले ली और खड्डा के पूर्ण करने का प्रारंभ कर दिया। थोडे ही दिनों में उस भीषण गर्त को पूर्ण कर ऊपर सुंदर टोंक बनाना आरंभ किया। लाखों रुपयों की लागत का बहुत ही भव्य और साक्षात् देवविमान के जैसा मन्दिर तैयार करवाया। इस मन्दिर की चारों ओर सेठ हठीभाई, दीवान अमरचन्द दमणी, मामा प्रतापमल्ल आदि प्रसिद्ध धनिकों ने अपने अपने मन्दिर बनवाये। सब मन्दिरों के इर्द गीर्द पत्थर का मजबूत किला करवाया। मन्दिरों का कार्य पूरा होने पाया था कि इतने में सेठजी का देहान्त हो गया। इस से उन के सुपुत्र सेठ खीमचन्द ने, बडा भारी संघ निकाल कर, शत्रुंजय की यात्रा के साथ इस रमणीय टोंक की संवत् १८९३ में प्रतिष्ठा करवाई। यह संघ बहुत ही बडा था। इसमें ५२ गावों के और संघ आकर मिले थे और उन सब का संघपतित्व खीमचंद सेठ को प्राप्त हुआ था! कहा जाता है कि इस टोंक के बनाने में एक करोड से भी अधिक खर्च हुआ था! इस में कोई १६ तो बडे बडे मन्दिर हैं और सवा सौ के करीब दहेरियां हैं। जहां ७०-८० वर्ष पहले भयंकर गर्त अपनी भीषणता के कारण यात्रियों के दिल में भय पैदा करता था वहां पर आज देवविमान जैसे सुन्दर मन्दिरों को देख कर दर्शकों के हर्ष का पार भी नहीं रहता। सचमुच ही संसार में समर्थ मनुष्य क्या नहीं कर दिखा था?

९ आदीश्वर भगवान् की टोंक।

शत्रुंजयगिरि के दूसरे शिखर पर आदीश्वर भगवान की टोंक बनी हुई है। यह टोंक सबसे बडी है। इस अकेली ने ही पर्वत का सारा दूसरा शिखर रोक रक्खा है। इस तीर्थ की जो इतनी महिमा है वह इसी

कारण है। तीर्थपति आदिनाथ भगवान् का ऐतिहासिक और दर्शनीय मन्दिर इसी के बीचमें है। बडे कोट के दरवाजे में प्रवेश करते ही एक सीधा राजमार्ग जैसा फर्शबन्ध रास्ता दृष्टिगोचर होता है जिस की दोनों ओर पंक्तिबद्ध सैंकडों मन्दिर अपनी विशालता, भव्यता और उच्चता के कारण दर्शकों के दिल एकदम अपनी ओर आकृष्ट करते हैं जिस से देखने वाला क्षणभर मुग्ध हो कर मन्दिरों में विराजित मूर्तियों की तरह स्थिर-स्तंभित सा हो जाता है। जिस मन्दिर पर दृष्टि डालो वही अनुपम मालूम देता है। किसी की कारीगरी, किसी की रचना, किसी की विशालता और किसी की उच्चता को देख कर यात्रियों के मुंहसे ओ हो! ओ हो! की ध्वनियाँ निकले करती हैं। महाराज **सम्प्रति**, महाराज **कुमारपाल**, महामात्य **वस्तुपाल-तेजपाल**, **पेथडसाह**, **समरासाह** आदि प्रसिद्ध पुरुषों के बनाये हुए महान् मन्दिर इन्हीं श्रेणियों में सुशोभित हैं।

सर्व साधारण इन मन्दिरों को देख कर जिस तरह आनन्दित होता है वैसे प्राचीन सत्यों को ढूंढ निकालने में अति आतुर ऐसी पुरातत्त्व-वेत्ता की आन्तर दृष्टि में आनन्द का आवेश नहीं आकर नैराश्य की निश्चलता दिखाई देती है, यह जान कर अवश्य ही खेद होता है। यद्यपि ये मन्दिर अपनी सुन्दरता के कारण सर्व श्रेष्ठ हैं तो भी इनमें की प्राचीन भारत की आदर्श भूत शिल्पकला का बहुत कुछ विकृतरूप में परिणत हो जाने के कारण भारतभक्त के दिल में आनन्द के साथ उद्वेग आ खडा होता है। कारण यह है कि यहां पर जितने पुराणे मन्दिर हैं उन सब का अनेक वार पुनरुद्धार-संस्कार हो गया है। उद्धार कर्ताओं ने उद्धार करते समय, प्राचीन कारीगरी, कमानें और शिलालेखों आदि की रक्षा तरफ बिलकुल ही ख्याल न रक्खा। इस कारण, पुरातत्त्वज्ञ की दृष्टि में, इन में कौन सा भाग नया है और कौन सा पुराणा

है, यह नहीं ज्ञात होता। संसार के शिक्षितों का यह अब निश्चय हो गया है कि भारत की भूतकालीन विभुता का विशेष परिचय, केवल उस के प्राचीन धुस्स और पत्थर के टुकडे ही करा सकते हैं। ऐसी दशामें, उन की अवज्ञा देख कर किस वैज्ञानिक को दुःख नहीं होता *।

* **कर्नल टॉड** यहां की प्राचीनता के विलोप में एक और भी कारण बडे दुःख के साथ लिखते हैं। वे कहते हैं—"(इस पर्वत की) प्राचीनता और पवित्रता के विषय में जो कुछ ख्याति है वह सब इसी (बडी) टोंक की है। परन्तु पारस्परिक द्वेष के कारण, आप आप को स्थापक प्रसिद्ध करने की तीव्र लालसा के कारण और एक प्रकार की धर्मान्धता के कारण लोगों ने यहां की प्राचीनता को बिलकुल नष्ट भ्रष्ट कर डाला है। मैं ने यहां के विद्वान् जैन साधुओं के मुंह से सुना है कि श्वेताम्बर-सम्प्रदाय के खरतरगच्छ और तपागच्छ नामक मुख्य दो पक्षों ने यहां के पुराने चिह्नों को नष्ट करने में वह कार्य किया है जो मुसलमानों से भी नहीं हुआ है! जिस समय तपागच्छ वालों का जोर हुआ उस समय उन्हों ने खरतरगच्छ के शिलालेखों को नष्ट कर दिया और उन के स्थान में अपने नवीन शिलालेख जड दिये, इसी तरह × × जब खरतरगच्छ का जोर हुआ तब उन्हों ने उन के लेखों को भी नष्ट भ्रष्ट कर डाला। फल इस का यह हुआ कि इस पर्वत पर एक भी सम्पूर्ण मन्दिर ऐसा नहीं है जो अपनी प्राचीनता का दावा कर सके। सब ही मन्दिर ऐसे हैं जो या तो नये सिरेसे बनवाये गये हैं या मरम्मत किये हुए हैं या उन में फेरफार किया गया है।" (जैनहितैषी, भाग ८, संख्या १०।)

भारतहितैषी इस सज्जन पुरुष के कथन में बहुत कुछ सत्यता है, ऐसा मैं अपने अन्यान्य अनुभवों से कह सकता हूं। पाटन वगैरह स्थलों के पुस्तक भाण्डागारों के अवलोकन करते समय ऐसी अनेक पुस्तकें मेरे दृष्टिगोचर हुईं जिन के अन्त की लेखक-प्रशस्तियों में, एक दूसरे गच्छवालों ने, हरताल लगा लगा कर रद्दोबदल कर दिया है या उन का सर्वथा नाश ही कर डाला है। ऐसा ही निन्द्य कृत्य, संकुचित विचार वाले क्षुद्र मनुष्यों द्वारा, टाड साहब के कथनानुसार, शिलालेखों के विषय में भी किया गया हो तो उस में आश्चर्य नहीं। चाहे कुछ भी हो, परन्तु इतना तो सत्य है कि, शत्रुंजय के मन्दिरों की ओर देखते, उन की प्राचीनता सिद्ध करने वाले प्रामाणिक साधन हमारे लिये बहुत कम मिलते हैं। और यह ऐतिहासिक साधनाभाव थोडा खेद कारक नहीं है।

मन्दिरों की श्रेणियों के मध्य में चलते चलते यात्रियों को **'हाथीपोल'** नामका बडा दरवाजा मिलता है। जिस में सदैव सशस्त्र पहारेदार खडे रहते हैं। इस दरवाजे से सामने नजर करते ही वह पूज्य, पवित्र और दर्शनीय मन्दिर दृष्टिगोचर होता है जिस का चित्र इस पुस्तक के प्रारंभ में ही पाठकों नें देखा है। यही महान् मन्दिर इस तीर्थ का मुकुट-मणि है। इसी में **तीर्थपति आदिनाथ भगवान्** की भव्य मूर्ति विराजमान् है। इसी मन्दिर के दर्शन, वन्दन और पूजन करने के लिये, भारत के प्रत्येक कौने में से श्रद्धालु जैन उस प्राचीन काल से चले आ रहें हैं जिस का हमें ठीक ठीक ज्ञान भी नहीं है।

* * * *

मुख्य मन्दिर का इतिहास।

इस तीर्थ पर, जैसा कि शत्रुंजयमाहात्म्यानुसार उपर लिखा गया है, सब से पहले भरत चक्रवर्तीने अपने पिता श्रीआदिनाथ तीर्थंकर का मन्दिर बनवाया था। पीछे से उसी का उद्धार अनेक देव-मनुष्यों ने किया। ऐसे १२ उद्धारों का, जो चौथे आरे में किये गये हैं, ऊपर उल्लेख हो चुका है। शत्रुंजयमाहात्म्यकार ने, भगवान् महावीर के निर्वाण बाद के भी दो उद्धारों का उल्लेख किया है जो ऊपर उल्लिखित हो चुके हैं। **धर्मघोषसूरि** ने अपने प्राकृत ' कल्प ' में, सम्प्रति, विक्रम और शातवाहन राजा को भी इस गिरिवर का उद्धारक बताया है * परन्तु इन की सत्यता के लिये अभी तक और कोई विश्वसनीय प्रमाण नहीं मिले।

---

* **संपइ-विक्कम-बाहड-हाल-पालित्त-दत्तरायाइ।**
जं उद्धारिहांति तयं सिरि सत्तुंजयं महातित्थं॥

बाहड मंत्री का उद्धार।

वर्तमान में जो मुख्य मन्दिर है और जिस का चित्र इस पुस्तक के प्रारंभ में लगा हुआ है वह, विश्वस्त प्रमाणों से जाना जाता है कि गुर्जर महामात्य **बाहड** (संस्कृत में **वाग्भट**) मंत्री के द्वारा उध्दृत है। **विक्रम** की तेरहवीं शताब्दी के प्रारंभ में, जब चौलुक्य चक्रवर्ती महाराज **कुमार-पाल** राज्य कर रहे थे तब, उन के उक्त प्रधान ने, अपने पिता **उदयन** मंत्री की इच्छानुसार, इस मन्दिर को बनवाया है । **प्रबन्धचिन्तामणि*** नामक ऐतिहासिक ग्रंथ के कर्ता **मेरुतुङ्गसूरि** ने इस उद्धार के प्रबन्ध में लिखा है कि—

सौराष्ट्र (काठियावाड) के किसी **सुंवर** नामक **माण्डलिक** शत्रु को जीतने के लिये महाराज कुमारपाल ने अपने अमात्य उदयनमंत्री को बहुत सी सेना दे कर भेजा । **बढवान** शहर के पास जब मंत्री पहुंचा तब **शत्रुंजयगिरि** को नजदीक रहा हुआ समझ कर, सैन्य को तो आगे काठियावाड में रवाना किया और आप गिरिराज की यात्रा के लिये शत्रुंजय की ओर रवाना हुआ । शीघ्रता के साथ शत्रुंजय पहुंचा और वहां पर भगवत्प्रतिमा का दर्शन, वन्दन और पूजन किया । उस समय वह मन्दिर पत्थर का नहीं बना हुआ था परन्तु लकडी का बना था × । मन्दिर की अवस्था बहुत जीर्ण थी । उस में अनेक जगह

---

* यह ग्रन्थ विक्रम संवत् १३६१ के फाल्गुन सुदि १५ रविवार के दिन समाप्त हुआ है । गुजरात के इतिहास में इस से बडी पूर्ति हुई है । इस का अंग्रेजी अनुवाद, बंगाल की रॉयल एसियाटिक सोसायटि ने प्रकाशित किया है ।

× गुजरात में पूर्वकाल में बहुत कर के लकडी ही के मकान बनाये जाते थे। इस का निर्णय इस वृत्तान्त से स्पष्ट हो जाता है । गुजरात की प्राचीन राजधानी **वल्लभी** नगरी के ध्वंसावशेषों में पत्थर का काम कुछ भी उपलब्ध नहीं होता इस लिये पुरातत्त्वज्ञों का अनुमान है कि इस देश में पहले लकडी और ईंट ही के मकान बनाये जाते थे ।

फाट–फूट हो गई थी। मंत्री पूजन कर के प्रभु–प्रार्थना करने के लिये रङ्गमण्डप में बैठा और एकाग्रता के साथ स्तवना करने लगा। इतने में मन्दिर की किसी एक फाट में से एक चूहा निकला और वह दीपक की बत्ती को मुंह में पकड कर पीछा कहीं चला गया। मंत्री ने यह देख कर सोचा, कि मन्दिर काष्ठमय हो कर बहुत जीर्ण है इस लिये यदि दीपक की बत्तीसे कभी अग्नि लग जायँ तो तीर्थ की बडी भारी आ-शातना के हो जाने का भय है। मेरी इतनी सम्पत्ति और प्रभुता किस काम की है। यह सोच कर वहीं मंत्री ने प्रतिज्ञा कर ली की इस युद्ध से वापस लौट कर मैं इस मन्दिर का जीर्णोद्धार करूंगा और लकडी के स्थान में पत्थर का मजबूत मन्दिर बनाऊंगा। मंत्री वहां से चला और थोडे ही दिनों में अपने सैन्य से जा मिला। शत्रु के साथ खूब लडाई हुई। उस में मंत्री ने बडी वीरता दिखलाई और शत्रु का पूर्ण संहार किया। परन्तु, मंत्री को कई सख्त प्रहार लगे जिस से वह वहीं पर स्वधाम को पहुंच गया। मंत्री ने अन्तसमय में, अपने सेनानियों को कहा ‘ कि मैं अपने स्वामी का कर्तव्य बजा कर जाता हूं इस से मुझे बडा हर्ष है परन्तु शत्रुंजय के उद्धार की जो मैंने प्रतिज्ञा की है वह पूरी नहीं कर सका इस कारण मुझे बडा दुःख होता है। खैर, भवितव्यता के कारण मैं अपने हाथ से यह सुकृत्य नहीं कर सका परन्तु मुझे विश्वास है कि मेरे पितावत्सल प्रिय पुत्र अवश्य ही मेरी इच्छा को पूर्ण करने में तत्पर होंगे इस लिये मेरा यह अन्तिम सन्देश उन से तुमने कह देना।’ मंत्री के वचन को सेनानियों ने मस्तक पर चढाया। मंत्री का अग्नि-संस्कार कर उस का विजयी सैन्य, विजय मिलने के कारण हर्षित होता हुआ परन्तु अपने प्रिय दण्डनायक की दुःखद मृत्यु के कारण दुःखी हो कर वापस राजधानी पट्टन को पहुंचा। सेनानियों ने, मंत्री के बाहड और अम्बड नामक पुत्रों को, पिता का अन्तिम सन्देश कहा। दोनों

भ्राताओं ने पिता के इस पवित्र सन्देश को बडे आदर के साथ शिरोधार्य किया और उसी समय शत्रुंजय के उद्धार की तैयारी करने लगे। दो वर्ष में मन्दिर तैयार हो गया। उस की शुभ खबर आ कर नौकर ने दी और बधाई मांगी । मंत्री बाहड ने उसे इच्छित दान दिया। फिर मंत्री प्रतिष्ठा की सामग्री तैयार करने लगा। कुछ ही दिन बाद एक आदमी ने आकर यह सुनाया कि पवन के सख्त झपाटों के कारण मन्दिर मध्यमें से फट गया है। यह सुन कर मंत्री बडा खिन्न हुआ और महाराज कुमारपाल की आज्ञा पा कर चार हजार घोडेसवारों को साथ में ले स्वयं शत्रुंजय को पहुंचा । वहां जा कर कारीगरों से फट जाने का कारण पूछा तो उन्हों ने कहा कि 'मन्दिर के अन्दर जो प्रदक्षिणा देने के लिये 'भ्रमणमार्ग' बनाया गया है उस में जोरदार हवा का प्रवेश हो जाने से, मध्य भाग फट गया है। और यदि यह 'भ्रमणमार्ग' न बनाया जाय तो शिल्पशास्त्र में निर्माता को सन्तति का अभाव होना लिखा है।' मंत्री ने कहा 'चाहे भले ही मुझे सन्तति न हो परन्तु मन्दिर वैसा बनाओ जिस से कभी तूटने–फटने का भय ही न रहे।' शिल्पियों ने अपनी बुद्धिमत्ता से मन्दिर के 'भ्रमणमार्ग' पर शिलायें लगा कर ऐसा बना दिया जिस से न वह किसी तूफान ही का भोग हो सकता है और न सन्तत्यभाव ही का कारण। (कहते हैं कि ये शिलायें अद्यावधि वैसी ही लगी हुई हैं।) इस प्रकार तीन वर्ष में मन्दिर तैयार हो गया। बाद में मंत्री ने पट्टन से बडा भारी संघ निकाला और बहुत धन व्यय कर, सुप्रसिद्ध आचार्य **श्रीहेमचंद्रसूरि** से संवत् १२११+ में अनुपम प्रतिष्ठा करवाई। **मेरुतुङ्गाचार्य** लिखते हैं

\+ प्रभावक चरित्र में संवत् १२१३ लिखा है–

शिखीन्दु रविवर्षे (१२१३) च ध्वजारोपे व्यधापयत्।
प्रतिमां सप्रतिष्ठां स श्रीहेमचन्द्रसूरिभिः ॥

कि—इस मन्दिर के बनवाने में बाहड मंत्री ने एक करोड और ६० लाख रुपये खर्च किये हैं।

षष्टिलक्षयुता कोटी व्ययिता यत्र मन्दिरे।
स श्री वाग्भटदेवोऽत्र वर्ण्यते विबुधैः कथम् ॥

मन्दिर की व्यवस्था और निभाव के लिये मंत्रीने कितनी ही जमीन और ग्राम भी देव–दान में दिये कि जिनकी ऊपज से तीर्थ का सदैव का कार्य नियम पुरःसर चलता रहे।

समरासाह का उद्धार।

बाहड मंत्री के थोडे ही वर्षों बाद शाहबुद्दीन घोरी ने उद्वेगजनक हमले शुरू किये। दीलीश्वर पृथ्वीराज चाहमान का पराजय कर उस ने भारत के भाग्याकाश में विपत्ति के बादलों की भयानक घटा के आने का दुर्भेद्य द्वार खोल दिया। बस, फिर क्या होना था?—सावन और भादों के मेघों की तरह एक से एक त्रासजनक और विप्लवकारी म्लेच्छों के आक्रमण होने लगे जिस से भारतीय स्वतंत्रता और सभ्यता का सर्व-नाश होने लगा। १४ वीं शताब्दी के मध्यमें अत्याचारी अलाउद्दीन का आसुरी अवतार हुआ। उसने आर्यावर्त के आदर्श और अनुपम ऐसे असंख्य देवमन्दिरों का, जिन के कारण स्वर्ग के देव भी इस पुण्य-भूमि में जन्म लेने की वांछा किये करते थे, नाश करना प्रारंभ किया। जिन की रमणीयता की बराबरी स्वर्ग के विमान भी नहीं कर सकते वैसे हजारों मन्दिरों को धूल में मिला दिये गये। जिन भव्य और शान्तस्वरूप प्रतिमाओं को एक ही वार प्रशान्त मनसे देख लेने पर पापीष्ठ आत्मा भी पवित्र हो जाता था वैसी असंख्य देवमूर्तियों को, उन के पूजकों के हृदयों के साथ, विदीर्ण कर दिया। हाय! इस आपत्काल के पहले

भारतभूमि जिन भव्य भवनों से सुशोभित थी उन की विभुताकी हमें आज कल्पना भी होनी कठिन है ! उस असुर के अधम अनुजीवियों ने शत्रुंजयतीर्थ को भी अस्पृष्ट और अखण्डित नहीं रहने दिया। तीर्थपति आदिनाथ भगवान् की पूज्य प्रतिमा का कण्ठच्छेद कर दिया और महाभाग मंत्री बाहड के उध्दृत मन्दिर के कितने ही भागों को खण्डित कर डाला। **जिनप्रभसूरि** ने, जो उस समय विद्यमान थे, अपने **विविधतीर्थकल्प** में, इस दुर्घटना की मीति संवत् १३६९ लिखी है* ।

इस समय अणहिल्लपुर (पट्टन) में, ओसवाल जाति के देशलहरा वंश में **समरासाह** नामक बडा समर्थ श्रावक विद्यमान था। उस का परिचय सीधा **दिल्ली** के बादशाह से था । जब उसे यह मालूम हुआ कि मुसलमानों ने शत्रुंजय पर भी उत्पात मचाना शुरू किया है तब वह अलाउद्दीन के पास गया और उसे समझा-बूझा कर शत्रुंजय को विशेष हानि से बचा लिया। बादशाह की रजा ले कर, उस साह ने गिरिराज पर, जितना नुकसान मुसलमानों ने किया था उसे फिर तैयार कर देने का काम शुरू किया। बादशाह के आधीन में **मम्माण**+ की संगमर्मर

---

* **ही ग्रहर्तुकियास्थान(१३६९)सङ्ख्ये विक्रमवत्सरे ।**
जावडिस्थापितं बिम्बं म्लेच्छैर्भग्नं कलेर्वशात् ॥

इस के उत्तरार्द्ध में यह लिखा है कि मुसलमानो ने जिस बिम्ब को भग्न किया वह **जावडसाह** वाला था। तो, इस से यह बात जानी जाती है कि **बाहड मंत्री** ने केवल मन्दिर ही नया बनाया था-मूर्ति नहीं। मूर्ति तो वही स्थापन की थी जो **जावडसाह** ने प्रतिष्ठित की थी।

+ यह '**मम्माण**' कहां पर है इस का कुछ पता नहीं लगा। पिछले जमाने में जितनी अच्छी जिनमूर्तियें बनाई जाती थी वे प्राय: **मम्माण** के मार्बुल की होती थी। जैनग्रन्थों में, **आरास** (आबू के पास) और **मम्माण** की खानों में के संगमर्मर का बहुत उल्लेख मिलता है।

की खानें थी जिन में बहुत ऊंची जाति का पत्थर निकलता था। **समरा साह** ने वहां से पत्थर लेने की इजाजत मांगी। बादशाह ने खुशी पूर्वक लेने दिया*। कोई दो वर्ष में मूर्ति बन कर तैयार हुई। मन्दिर की भी सब मरम्मत करवाई। संवत् १३७१ में, **समरा साह** ने **पट्टन** से संघ निकाला और गिरिवर पर जाकर भगवन्मूर्ति की फिर से मन्दिर में नई प्रतिष्ठा की†। प्रतिष्ठा में **तपागच्छ** की बृहत्पोशालिक शाखा के आचार्य **श्रीरत्नाकरसूरि** आदि कई प्रभावक आचार्य विद्यमान थे। इस प्रतिष्ठा के समय के कुछ लेख शत्रुंजय पर अब भी विद्यमान हैं। स्वयं समरा साह और उस की स्त्री समरश्री का मूर्ति-युग्म भी मौजूद है‡।

* * * * *

कर्मा साह का उद्धार।

समरासाह की स्थापित की हुई मूर्ति का मुसलमानों ने पीछे से फिर शिर तोड दिया। तदनन्तर बहुत दिनों तक वह मूर्ति वैसे ही—खण्डित रूप में ही—पूजित रही। कारण यह कि मुसलमानों ने नई मूर्ति स्थापन न करने दी। **महमूद** बेगडे के बाद **गुजरात** और **काठियावाड** में मुसलमानों ने प्रजा को बडा कष्ट पहुंचाया था। मन्दिर बनवाने और मूर्ति स्थापित करने की बात तो दूर रही, तीर्थस्थलों पर यात्रियों को दर्शन

---

* महामात्य वस्तुपाल-तेजपाल ने भी, तत्कालीन बादशाह **मोजुद्दीन** की रजा ले कर **मम्माण** से पत्थर मंगवाया था और उस की मूर्तियें बनवा कर इस पर्वत पर तथा अन्यान्य स्थलों पर स्थापित की थीं।

† वैक्रमे वत्सरे चन्द्रहयाग्नीन्दुमिते सति।
श्रीमूलनायकोद्धारं साधुः श्रीसमरो व्यधात्॥
विविधतीर्थकल्प।

‡ देखो, मेरा **प्राचीनजैनलेखसंग्रह.**

करने के लिये भी जाने नहीं दिया जाता था। यदि कोई बहुत आ-जीजी करता था तो उस के पास से जी भर कर रुपये ले कर, यात्रा करने की रजा दी जाती थी। किसी के पास से ५ रुपये, किसी के पास से १० रुपये और किसी के पास से एक असरफी—इस तरह जैसी आसामी और जैसा मौका देखते वैसी ही लंबी जबान और लंबा हाथ करते थे। बेचारे यात्री बुरी तरह कोसे जाते थे। जिधर देखो उधर ही बडी अंधाधुन्धी मची हुई थी। न कोई अर्ज करता था और न कोई सुन सकता था। कई वर्षों तक ऐसी ही नादिरशाही बनी रही और जैन प्रजा मन ही मन अपने पवित्र तीर्थ की इस दुर्दशा पर आंसु बहाती रही। सोलहवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में, **चित्तोड** की वीरभूमि में **कर्मा साह** नामक कर्मवीर श्रावक का अवतार हुआ जिसने अपने उदग्र वीर्य से इस तीर्थाधिराज का पुनरुद्धार किया। इसी महाभाग के महान् प्रयत्न से यह महातीर्थ मूर्च्छित दशा को त्याग कर फिर जागृतावस्था को धारण करने लगा और दिन प्रतिदिन अधिकाधिक उन्नत होने लगा। फिर, जगद्गुरु **श्रीहीरविजयसूरि** के स[ु]चित सामर्थ्य ने इस की उन्नति की गति में विशेष वेग दिया जिस के कारण यह आज जगत् में "**मन्दिरों का शहर**" (THE CITY OF TEMPLES. *) कहा जा रहा है।

---

* बम्बई के वर्तमान गवर्नर लॉर्ड वेलिंग्डनने गत वर्ष में काठियावाड की मुसाफरी करते समय शत्रुंजय की भी यात्रा की थी। उन की इस यात्रा का मनहर वृत्तान्त 'टाईम्स ऑव इन्डिया' के तारीख १४ फेब्रुआरी (सन् १९१६) के अंक में छपा है। इस वृत्तान्त का शीर्ष, लेखक ने **The Governor's Tour, IN THE CITY OF TEMPLES.** (मन्दिरों के शहर में गवर्नर की मुसाफरी) यह किया है और लेख में शहर के सौन्दर्य का चित्राकर्षक वर्णन किया है।

कर्मा साह का उध्दृत किया हुआ मन्दिर और प्रतिष्ठित की गई मूर्ति अद्यावधि जैनप्रजा के आत्मिक कल्याण में सहायभूत हो रही है। प्रतिदिन सेंकडों-हजारों भाविक लोग, इस महान् मन्दिर में विराजित भगवान् की भव्य, प्रशान्त और निर्विकार प्रतिकृति के दर्शन, वन्दन और पूजन कर आत्महित किया करते हैं। कृतज्ञ जैनप्रजा अपने इस तीर्थोद्धारक प्रभावक पुरुष का पुण्यजनक नामस्मरण भी ऊसी प्रेम से करती है जिस तरह **भरतादिक** अन्यान्य महापुरुषों का करती है।

*　　　*　　　*　　　*

इस उद्धारक पुरुष का यश अक्षररूप से जगत् में शक्य जितने समय तक विद्यमान रखने के लिये तथा भावी जैनप्रजा को अपने पूर्व पुरुषों के कल्याणकर कार्यों का अवलोकन और अनुमोदन कराने के लिये, पण्डित **श्रीविवेकधीर गणि** ने अपनी सद्बुद्धि का सदुपयोग कर यह **शत्रुंजयतीर्थोद्धारप्रबन्ध** बनाया है। इस प्रबन्ध में लेखक ने, **कर्मा साह** का और उन के उद्धार का सब हाल स्पष्ट रूप से लिखा है। प्रबन्धकार, उद्धार के समय विद्यमान ही न थे परंतु उद्धार सम्बन्धी सब उचित व्यवस्था ही उन के हाथ में थी। इस लिये ऐतिहासिक दृष्टि से यह प्रबन्ध बडे ही महत्त्वका है। **पं. विवेकधीर गणि** कौन और किस गच्छ के यति थे ; इस विषय का का सविस्तर जिक्र इस प्रबन्ध ही में किया हुआ है इस लिये यहां पर ऊहापोह करने की अपेक्षा नहीं रहती। हां, इस प्रबन्ध के सिवा इन्हों ने और भी कोई ग्रंथरचना वगैरह की है या नहीं ? इस के उल्लेख करने की आवश्यकता अवश्य रहती है। परंतु, मुझे अपनी शोध-खोल में, अभी तक इस विषय में, इस से अधिक और कुछ भी नहीं मालूम हुआ।

इस प्रबन्ध के दूसरे उल्लास के ८४ वें श्लोक का अवलोकन करने

से ज्ञात होता है की **विवेकधीर गणि** शास्त्रीय विद्याओं के तो पण्डित थे ही परन्तु शिल्पविद्या में भी पूर्ण निपुण थे। शत्रुंजय के उद्धारकार्य में **कर्मा साह** ने जिन हजारों शिल्पियों (कारीगरों) को नियुक्त किया था उन सब को निर्माणकार्य में समुचित शिक्षा देने वाले के स्थान पर, **विवेकधीर गणि** ही को, इन के गुरु (आचार्य) ने अध्यक्ष (इञ्जिनियर) नियत किया था! इन के बडे गुरुभ्राता **विवेकमण्डन पाठक** भी इस कार्य में सहकारी थे। पूर्वकाल में जैन विद्वान् कैसे विद्यावान् और सर्वकलाकुशल होते थे इस का खयाल इस कथन से अच्छी तरह हो सकता है×। जैनयतियों के लिये सावद्यकर्म के करने--कराने का यद्यपि जैनशास्त्र निषेध करते हैं तथापि संघ की शुभेच्छा और शान्ति के लिये कभी कभी उन्हें वैसे निषिद्ध कर्तव्यों के करने की भी शास्त्रकारों ने आपवादिकी आज्ञा दी है। वास्तुशास्त्र के कथनानुसार, यदि किसी देवमन्दिर की रचना दोष युक्त हो जाय तो उस का अनिष्ट फल बनाने वाले को, उस के पूजकों को, ग्रामवासियों को अथवा उस से भी अधिक सम्पूर्ण देशवासियों को भुगतना पडता है। इस आर्य शास्त्रानुज्ञा के कारण, संघ और राष्ट्र की भलाई के निमित्त, **पं. विवेकधीर गणि** को, शिल्पशास्त्र में उन की अप्रतिम निपुणता देख कर, उन के धर्माचार्य ने, जैनधर्म के इस महान् तीर्थ के उद्धारकार्य में, निरीक्षक तया नियुक्त किये थे। आचार्यवर्य की इस योग्यनियुक्ति का और **विवेकधीर गणि** की सूक्ष्म निरीक्षणशक्ति का सुफल जैनप्रजा आज तक यथायोग्य भोग रही है।

× वर्तमान में भी पाटन के तपागच्छ के वृद्ध यति श्रीहिमतविजयजी शिल्पशास्त्र के अद्वितीय ज्ञाता हैं। सारे राजपूताना में और गुजरात तथा काठियावाड में उन के जैसा कोई शिल्पज्ञ नहीं है। डॉ. हर्मन जेकोबी इन की इस विषय की निपुणता देख कर बडे प्रसन्न हुए थे। खेद होता है कि इन के बाद इस विषय के उत्तम ज्ञाता का एक प्रकार से अभाव ही हो जायगा।

कर्मा साह के इस उद्धार के वर्णन की एक लंबी प्रशस्ति, इस महान् मन्दिर के अग्रिम द्वार पर, एक शिलापट्ट में ऊकीरी हुई है। यह प्रशस्ति कविवर **लावण्यसमय** की बनाई हुई और इस प्रबन्धकर्ता के हाथ ही की लिखी हुई है। इस में, बहुत ही संक्षेप में, इस उद्धार का वर्णन लिखा हुआ है। प्रशस्ति के सिवा, भगवान **आदिनाथ** की और गणधर **पुण्डरीक** की मूर्ति पर भी **कर्मा साह** के संक्षिप्त गद्य–लेख हैं। ये सब लेख परिशिष्ट में दिये गये हैं।

जो पाठक संस्कृत नहीं जानते अथवा जिन्हें केवल प्रबन्धान्तर्गत ऐतिहासिक भाग ही देखने की इच्छा हो उन के लिये इस 'उपोद्‌घात' के अगले ही पृष्ठ से '**शत्रुंजयतीर्थोद्धार प्रबन्ध का ऐतिहासिक सार–भाग**' दिया गया है। इस सार–भाग में यथास्थान कुछ टिप्पणी भी अन्यान्य ऐतिहासिक ग्रन्थों के अनुसार लगा दी है। दूसरे उल्लास के प्रारंभ में अणहिल्लपुर स्थापक वनराज चावडे से ले कर शत्रुंजयोद्धारक कर्मा साह तक के गुजरात के राजा–बादशाहों की सूची है। उन का विशेष वृत्तान्त जानने के लिये फार्बस साहब की 'रासमाला' या श्रीयुक्त गोविन्दभाई हाथीभाई देशाई रचित 'गुजरातनो प्राचीन अने अर्वाचीन इतिहास' नामक पुस्तक देखनी चाहिए।

प्रबन्ध के अन्त में, स्वयं प्रबन्धकार ने एक '**राजावली-कोष्टक**' दिया है जिस में द्वितीय उल्लासोल्लिखित नृपतियों ने कितने कितने समय तक राज्य किया था उस का कालमान लिखा हुआ है। इस में गुजरात के क्षत्रिय नपतियों का जो कालमान है वह तो अन्यान्य ऐतिहासिक लेखों के साथ सम्बद्ध हो जाता है परन्तु मुसलमान बादशाहों के विषय में कहीं कहीं विसंवाद प्रतीत होता है। सिवा, इस में दिल्ली के बाद-शाहों की भी नामावली और राज्यवर्षगणना दी हुई है परन्तु उन में

के कितने ही नामों का तो कुछ पता ही नहीं लगता है। जिन का पता मिलता है उन में से कई एकों के सत्ता-समय और राज्यकाल में अन्यान्य तवारीखों के साथ कुछ फेरफार और विसंवाद दृष्टिगोचर होता है। परन्तु यह विसंवाद तो आईन-ए-अकबरी और तवारिख-ए-फरिस्ता आदि ग्रन्थों में भी परस्पर बहुत कुछ मिलता है इस लिये इस विषय का परस्पर मिलान कर सत्यासत्य के निर्णय करने का कार्य किसी विशेषज्ञ ऐतिहासिक का है। प्रबन्धकार ने तो सीर्फ पुरानी भूपावली या मुखपरंपरा से देख-सुनकर यह कोष्टक लिखा है; न कि आज कल के विद्वानों की तरह ऐतिहासिक ग्रन्थों की जॉच पडताल कर। तो भी लेख के देखने से ज्ञात होता है कि उन्हें यह लिखा अवश्य विचार पूर्वक हैं।

प्रवर्तक श्रीमान् कान्तिविजयजी महाराज के शास्त्र-संग्रह में की नई लिखी हुई प्रति ऊपर से यह प्रबन्ध छपाने के लिये तैयार किया गया है और भावनगर के जैनसंघ के पुस्तक-भाण्डागार में से सुश्रावक सेठ कुंअरजी आणन्दजी द्वारा प्राप्त हुई प्राचीन प्रति द्वारा शोधा गया है*। आशा है कि इतिहासप्रेमी और धर्मरसिक-दोनों प्रकार के मनुष्यों को इस प्रयत्न में कुछ न कुछ आनन्द अवश्य मिलेगा। और वैसा हुआ तो मैं अपना यह क्षुद्र प्रयास सफल हुआ मानूंगा।

पौषी पूर्णिमा,
(बडौदा।)

मुनि जिनविजय।

* इस प्रति के अन्त में लेखक ने निम्न प्रकारका उल्लेख किया हुआ है—

"संवत् १६५५ वर्षे श्रावण वदि ११ गुरौ महोपाध्याय श्री श्रीविमलहर्ष-गणिचरणसेविजसविजयेनालेखि। श्रीअहम्मदावादे। शुभं भवतु॥"

शत्रुंजयतीर्थोद्धारप्रबन्ध

का

ऐतिहासिक सार-भाग।

वंशादि वर्णन।

(प्रथम उल्लास।)

इस प्रबन्ध के प्रारंभ में, प्रबन्धकार ने प्रथम काव्य में, शत्रुंजयमण्डन **श्रीऋषभदेव** भगवान् की प्रार्थना की है। दूसरे पद्य में भगवान् के प्रथम गणधर **श्रीपुण्डरीक** स्वामी की, जिन के कारण इस पर्वत का '**पुण्डरीक**' नाम प्रसिद्ध हुआ है, स्तवना की गई है। तीसरे काव्य में उल्लेख है कि- इस सिद्धगिरि पर, पूर्वकाल में **भरत**-आदि महापुरुषोंने, तीर्थंकरादि महात्माओं के उपदेश से अनेक उद्धारकार्य किये हैं इस लिये, इस की उपासना करने से स्वर्ग और मोक्ष की प्राप्ति होती है यह जान कर, असंख्य श्रद्धालुओं ने संघ निकाल निकाल कर इस की यात्रायें की हैं। चौथे, पाँचवें और छ वें काव्य में भरतादिक जिन जिन उद्धारकों ने ऋषभादिक जिन जिन आप्तपुरुषों के कथन से (जिन की सूची 'उपोद्घात' में दी गई है) इस के उद्धार किये हैं उन का केवल नाम निर्देश किया गया है और *साधु **श्रीकर्मा** के किये

---

* 'साधु' शब्द से यहां पर यति-श्रमण का अभिप्राय नहीं है। संस्कृत में 'साधु' का पर्याय श्रेष्ठ-सुपुरुष है। पूर्व काल में जो अच्छे धर्मी और धनी गृहस्थ होते थे वे 'साधु' कहे जाते थे। 'साधु' ही का प्राकृतरूप 'साहु' है जो अपभ्रंश हो कर साह के रूप में वर्तमान में विद्यमान है। तथा अब भी जो महाजनों को 'साहुकार' कहते हैं वह संस्कृत 'साधुकार' (अच्छा कार्य करने वाला) का प्राकृतिक रूप है।

गये वर्तमान महान् उद्धार का मधुर वर्णन करने की प्रतिज्ञा कर श्रोताओं को सावधान मन से सुनने की विज्ञप्ति की गई है।

सातवें पद्य से प्रबन्ध का प्रारंभ होता है। प्रारंभ, जिन के उपदेश से **कर्मा साह** ने यह उद्धारकार्य किया है उन आचार्यवर्य के वृत्तान्त से किया गया है। आलंकारिक वर्णन को छोड कर (जो कि बहुत ही अल्प है) ऐतिहासिक सार-भाग का सरल भावार्थ यहां पर दिया जाता है।

महान् **तपागच्छ** के **रत्नाकरपक्ष** की **भृगुकच्छीय** शाखामें पहले अनेक आचार्य हो गये हैं। उन में **विजयरत्नसूरि** नामके एक प्रतिष्ठित आचार्य हुए जिन्हों ने अपनी प्रखर विद्वत्ता से विद्वानों में सर्वत्र विजयपताका प्राप्त की थी। उन के **धर्मरत्नसूरि** नाम के शिष्य हुए जो बडे क्रियावान्, विद्यावान् और प्रतापी थे। सुविहितजन निरंतर उन की सेवा किया करते थे। उन का निर्मल यश सर्वत्र फैला हुआ था। बचपन ही में उन्हें लक्ष्मीमंत्र सिद्ध हो गया था। कई राजे महाराजे उन के पगों में अपना मस्तक नमाते थे। अनेक अच्छे कवि उन की स्तवना करते थे। उन सूरिवर्य के अनेक अच्छे अच्छे शिष्य थे जिन में **विद्यामण्डन** और **विनयमण्डन** ये दो प्रधान थे। इन में पहले को सूरिजी ने **आचार्यपद** दिया था और दूसरे को **उपाध्यायपद**।

एक समय **धर्मरत्नसूरि** अपने शिष्यों के साथ संघपति ×**धनराज**

× '**गुरुगुणरत्नाकरकाव्य**' के तीसरे सर्ग में (श्लोक २० से २५ तक) दाक्षिणात्य सं. धनराज और नगराज नामक दो भाईयों का जिक्र है। वे दक्षिण में देवगिरि (दौलताबाद) के रहने वाले थे। उन्होंने सिद्धाचलादि तीर्थों की यात्रा के लिये बडे बडे संघ निकाले थे और लाखों रुपये खर्च किये थे। संभव है कि यह धनराज वहीं हों—समय एक ही है।

की प्रार्थना से, आबू वगैरह तीर्थों की यात्रा के लिये उस के संघ में चले। अनेक नगरों और गांवों में, संघ के साथ बडे भारी समारोह से प्रवेश करते हुए क्रमसे **मेदपाट** (**मेवाड**) देश में पहुंचे। भारत भामिनी के भूषण समान इस **मेदपाट** की क्या प्रशंसा की जाय ?–पैर पैर पर जहां सरोवर, नदियें, वन और क्रीडापर्वत विद्यमान हैं। धन और धानसे जहां के शहर समृद्धिशाली बने हुए हैं। जहां न क्लेश का लेश है और न शत्रुका प्रवेश है। न दण्ड की भीति है और न लोकों में अनीति है। न कहीं दुर्जन का वास है और न कहीं दुर्व्यसन से किसी का विनाश है। इस सुन्दर देश में, जिसने अपनी ऋद्धि से त्रिकूट को भी नीचा दिखा दिया है ऐसा जगत्प्रसिद्ध **चित्रकूट** (**चित्तोड**) पर्वत है। इस पर्वत पर उन्नत और विशाल अनेक जिनमन्दिर बने हुए हैं जिन के रणरणाट करते हुए घंटनादों से सारा पर्वत शब्दायमान हो रहा है। चैत्यों के शिखरों पर स्थापित किये हुए सुवर्ण के देदीप्यमान कलश और बहुमूल्य वस्त्रों के बने हुए ध्वजपट, दूर ही से दृष्टिगोचर होने पर श्रद्धालुओं के पाप का प्रक्षालन करने लग जाते हैं। इस पर्वत पर अनेक साधुशालायें (उपाश्रय) बनी हुई हैं जिन में निरन्तर अर्हदागमों का मधुरस्वर से जैनश्रमण स्वाध्याय करते रहते हैं। नगरनिवासी सभी मनुष्य आनन्द और विलास में निमग्न रहते हैं। कई रमणीय सरोवर, अपने मध्यमें रहे हुए कमलों के, पवनद्वारा ऊडे हुए परिमल से सुगन्धमय हो रहे हैं। उस समय इस प्रसिद्ध पर्वत का शासक क्षत्रियकुलदीपक **साङ्गा महाराणा** * था जो तीनलाख घोडों का मालिक था और जिसने अपने भुजाबल

* **साङ्गा** महाराणा का शुद्ध–संस्कृत नाम **संग्रामसिंह** था। **कर्नल टॉड के राजस्थानइतिहास** में लिखे मुजिब, इसने विक्रम संवत् १५६५ से १५८६ तक राज्य किया था।

से समुद्रपर्यंत की पृथ्वी को स्वाज्ञाधीन किया था। उस नृपश्रेष्ठ के शौर्य, औदार्य और धैर्य आदि गुणों को देख कर तथा चतुरंग शैन्य की विभूति देख कर लोक उसे नया चक्रवर्ती मानते थे।

इस **चित्रकोट** नगर में, **ओसवंश** (ओसवाल ज्ञाति) में **सारणदेव** नामक एक प्रसिद्ध पुरुष हो गया है जो जैन नृपति **आमराज***

---

* **आमराज,** सुप्रसिद्ध जैनाचार्य **बप्पभट्टि** का शिष्य था। **बप्पभट्टि** का जीवन चरित्र 'प्रभावकचरित्र' आदि कई ग्रंथों में मिलता है। 'गौडवध' नामक प्राकृतकाव्य के कर्ता कवि **वाक्पति** और **बप्पभट्टि** समकालीन थे। **आमराज** कान्यकुब्ज का अधिपति था। गौडपति प्रसिद्धनृपति **धर्मपाल**-जो पालवंश का प्रतिष्ठाता पुरुष था-**आमराज** का समसामयिक था। बंगाल के प्रख्यात लेखक और विश्वकोष के कर्ता श्रीयुक्त **नागेन्द्रनाथ वसु** प्राच्यविद्यार्णव का '**लखनउ की उत्पत्ति**' नामक एक ऐतिहासिक लेख '**पाटलिपुत्र**' के प्रथम भाग के कितनेक अंको में प्रकट हुआ है। इस लेख में, लेखक ने आमराज वगैरह के विषय में अच्छा प्रकाश डाला है। एक जगह लिखा है कि-

"जैनग्रन्थ के अनुसार आमराज के गुरु बप्पभट्टि ने ८९५ संवत् या सन् ८३८ में पंचानवे की अवस्था पर पञ्चत्व पाया था। ऐसी स्थिति में ८०० संवत् या सन् ७४३ ई. से सन् ८३८ ई. तक बप्पभट्टि के आविर्भाव का समय मानना पडता है। प्रबन्धकोष के मत से ८५१ संवत् या सन् ७९५ ई. में आमराज की ही प्रार्थना पर बप्पभट्टि ने सूरि-पद पाया था। आमराज ने वृद्ध वयस में स्तम्भतीर्थ, गिरनार, प्रभास प्रभृति नाना तीर्थ घूम और ८९० संवत् या सन् ८३४ ई. में मगधतीर्थ पहुंच प्राण छोडे। इस लिए मालूम होता है, कि सन् ७९५ से ८३४ ई. तक आमराज विद्यमान रहे। उधर गौड के पालराज वंश का इतिहास देखने से समझते हैं कि गौडाधिपति धर्मपाल ने सन् ७९५ से ८३४ ई. तक राजत्व चलाया था। ('वङ्गेर-जातीय-इतिहास' के राजन्य काण्ड का २१६ वा पृष्ठ देखना चाहिए।) इस लिए देखते हैं कि पालवंश के प्रकृत प्रतिष्ठाता महाराज धर्मपाल और कान्यकुब्जपति आमराज समसामयिक रहे।"

—पाटलिपुत्र, माघशुक्ल १, सं. १९७१।

के वंशजो में से था * । उस का पुत्र **रामदेव** हुआ । रामदेव का **लक्ष्मसिंह** (या लक्ष्मीसिंह) हुआ। उस का **भुवनपाल** और भुवन-पाल का **भोजराज** पुत्र हुआ । भोजराज का पुत्र **ठकरसिंह**, उसका **खेता** और उस का **नरसिंह** हुआ । ये सब प्रतिष्ठित नर हुए । नरसिंह का पुत्र **तोला** हुआ जिस की सतियों में ललामभूत ऐसी **लीलू** + नाम की प्रियपत्नी थी । साधु **तोला**, महाराणा **साङ्गा** का परम मित्र था । महाराणा ने उसे अपना अमात्य बनाना चाहा था परन्तु उस ने आदर-पूर्वक उस का निषेध कर केवल श्रेष्ठी पद ही स्वीकार किया । वह बडा न्यायी, विनयी, दाता, ज्ञाता, मानी, और धनी था । सहृदय और पुरा दयालु था । यश भी उस का बडे बडे लोकों में था । बहुत ही उदार-चित्त का था । याचकों को हाथी, घोडे, वस्त्र, आभूषण आदि बहुमूल्य चीजें दे दे कर कल्पवृक्ष की तरह उन का दारिद्र्य नष्ट कर देता था । जैनधर्म का पूर्ण अनुरागी था । उस पुण्यशाली **तोलासाह** के १ **रत्न**, ‡ २ **पोम**, ३ **दशरथ**, ४ **भोज** और ५ **कर्मा** नामक पाण्डवों के जैसे ५ पराक्रमी पुत्र हुए §। इन भ्राताओं में जो सब से छोटा **कर्मा साह** था वह गुणों में सभी से मोटा था अर्थात् वह पांचों में श्रेष्ठ और ख्यातिमान् था । उस के सौन्दर्य, धैर्य, गांभीर्य और औदार्य आदि सभी गुण प्रशंसनीय थे ।

---

* **लावण्यसमय** वाली प्रशस्ति (पद्य ८-९) में लिखा है कि-आमराज-की स्त्रियों में, एक कोई व्यवहारीपुत्री थी । उस की कुक्षिसे जो पुत्र उत्पन्न हुआ उसका गोत्र **राजकोष्ठागार** (राजभाण्डागारिक) कहलाया । सारणदेव उसी के गोत्र में हुआ ।

+ प्रशस्त्यनुसार, इस का दूसरा नाम ' तारादे ' था ।

‡ लावण्यसमय के कथनानुसार, इस ने चित्रकोट नगर में एक जैनमन्दिर बनवाया था ।

§ इन पांचों के परिवार का वंशवृक्ष प्रशस्त्यनुसार अन्त में दिया गया है ।

धर्मरत्नसूरि और **सं० धनराज** का संघ **मेदपाट** के पवित्र तीर्थ-स्थलों की और प्रसिद्ध नगरों की यात्रा करता हुआ क्रमशः **चित्रकोट** पहुंचा। सूरिजी के साथ संघ का आगमन सुन कर महाराणा **सांगा** अपने हाथी, घोडे, सैन्य और वादित्र वगैरह ले कर उन के सन्मुख गया। सूरिजी को प्रणाम कर उन का सदुपदेश श्रवण किया। बाद में, बहुत आडम्बर के साथ संघ का प्रवेशोत्सव किया और यथायोग्य सब संघजनों को निवास करने के लिये वासस्थान दिये। **तोलासाह** अपने पुत्रों के साथ संघ की यथेष्ट भक्ति करता हुआ। सूरिजी की निरन्तर धर्मदेशना सुनने लगा। राजा भी सूरिजी के पास आता था और धर्मोपदेश सुने करता था। सूरिजी के उपदेश से सन्तुष्ट हो कर, राजा ने पाप के मूल-भूत शिकार आदि दुर्व्यसनों का त्याग कर दिया। वहां पर एक **पुरुषोत्तम** नामका ब्राह्मण था जो बडा गर्विष्ठ विद्वान् और दूसरों के प्रति असहिष्णुता रखने वाला था। सूरिजी ने उस के साथ, राजसभा में सात दिन तक वाद कर उसे पराजित किया। इस बात का उल्लेख एक दूसरी प्रशस्ति में भी किया हुआ है। यथा—

कीर्त्या च वादेन जितो महीयान् द्विधा द्विजो यैरिह चित्रकूटे।
जितत्रिकूटे नृपतेः समक्षमहोभिरह्नाय तुरङ्गसंख्यैः ×॥

एक दिन अवकाश पा कर **लीलू** सती के पति **तोलासाह** ने अपने छोटे बेटे **कर्मासाह** के समक्ष **धर्मरत्नसूरि** से भक्तिपूर्वक एक प्रश्न किया कि–'हे भगवन्! मैं ने जो कार्य सोच रक्खा है वह सफल होगा या नहीं, यह आप विचार कर मुझसे कहने की कृपा करें।' आचार्य

× यह प्रशस्ति (शिलालेख) कहां पर थी (या अभीतक है) इस का पता नहीं। ऐसी बहुतसी प्रशस्तियों के उल्लेख कई ऐतिहासिक लेखों में मिलते हैं परन्तु वे प्रायः नष्ट हो गई हैं।

महाराज उसी समय एकाग्रचित्त हो कर अपने ज्योतिषशास्त्र विषयक विशेषज्ञान द्वारा उस के चिन्तितार्थ का स्वरूप और फलाफल सोचने लगे।

बात यह थी, कि गुर्जर महामात्य **वस्तुपाल** एक समय **शत्रुंजय** पर स्नात्र महोत्सव कर रहे थे। उस समय वहां पर अनेक देशों के बहुत संघ आये हुए थे इस लिये मन्दिर में दर्शन और पूजन करने वाले श्रावकों की बडी भारी भीड लगी हुई थी। भक्तलोक भगवान् की पूजा करने के लिये एक दूसरे से आगे होना चाहते थे। अनेक मनुष्य सुवर्ण के बडे बडे कलशों में दूध और जल भर कर प्रभु की प्रतिमा ऊपर अभिषेक कर रहे थे। मनुष्यों की इस दट्टी और पूजा करने की उत्कट धून मची हुई देख कर पूजारियों ने सोचा, कि किसी की बेदरकारी या उत्सुकता के कारण कलश वगैरह का भगवत्प्रतिमा के किसी सूक्ष्म अवयव के साथ संघट्टन हो जाने से कहीं कुछ नुकशान न हो जायँ। इस लिये उन्हों नें चारों तरफ मूर्तिको पुष्पों के ढेर से ढंक दी। मंत्री **वस्तुपाल** ने मण्डप में बैठे बैठे यह सब देखा और सोचा कि यदि किसी कलशादि के कारण या कोई म्लेच्छों के हाथ जो ऐसी दुर्घटना हो जाय तो फिर इस महातीर्थ की क्या अवस्था हो? भावी काल में होने वाले अमंगल की आशंका का अपने अन्तः-करण में इस प्रकार आविर्भाव हुआ देख कर दीर्घदर्शी महामात्य ने उसी समय मम्माण की संगमर्मर की खान में से, **मौजुद्दीन बादशाह** की आज्ञासे उत्तम प्रकार के पांच बडे बडे पाषाणखण्डों के मंग-वाने का प्रबन्ध किया*। बहुत कठिनता से वे खण्ड शत्रुंजय पर पहुंचे।

* टिप्पणि में लिखा है कि-**मोजुद्दीन** बादशाह का मंत्री **पुनड** करके था जो श्रावक हो कर **वस्तुपाल** का प्रिय मित्र था। उसने ये पाषाण खण्ड भिजवाये थे। इन खण्डों में से एक खण्ड आदिनाथ भगवान् की मूर्ति के लिये, दूसरा पुण्डरीक गणधर की, तीसरा कपर्दी यक्ष की, चौथा चक्रेश्वरी देवी की और पांचवा तेजलपुरप्रासाद लिये पार्श्वनाथ तीर्थंकर की प्रतिमा के लिये मंगवाया था।

इन में से दो खण्ड मंत्री ने मन्दिर के भूगृह में रखवा दिये कि जिस से भविष्य में कभी कोई ऊपर्युक्त दुर्घटना हो जॉय तो इन खण्डों से नई प्रतिमा बनवा कर पुनः शीघ्र स्थापित कर दी जॉय।

संवत् १२९८ में **वस्तुपाल** महामात्य का स्वर्गवास हो गया। सत्पुरुषों की जो शंका होती है वह प्रायः मिथ्या नहीं होती। विधि की वक्रता के प्रभाव से, मंत्रीश्वर के मृत्यु-अनन्तर थोडे ही वर्षों बाद मुसलमानों ने भगवान् आदिनाथ की उस भव्य मूर्ति का कण्ठछेद कर दिया *।

संवत् १३७१ में साधु **समरासाह** + ने फिर नई प्रतिमा बनवा कर उस जगह स्थापित की और वृद्ध तपागच्छ के **श्रीरत्नाकरसूरि**, जिन से इस गच्छ का दूसरा नाम **रत्नाकरगच्छ** प्रसिद्ध हुआ, ने उस की प्रतिष्ठा की। इस बात का जिक्र अन्य प्रशस्ति में भी किया हुआ है। यथा—

वर्षे विक्रमतः कुसप्तदहनैकस्मिन् (१३७१) युगादिप्रभुं
श्रीशत्रुंजयमूलनायकमतिप्रौढप्रतिष्ठोत्सवम् ।
साधुः श्रीसमराभिधस्त्रिभुवनीमान्यो वदान्यः क्षितौ
श्रीरत्नाकरसूरिभिर्गणधरैर्यैः स्थापयामासिवान् ‡॥

---

* टिप्पणी में, इस दुर्घटना का संवत् १३६८ लिखा है।

× **समरासाह** का विस्तृत वृत्तान्त के लिये मेरी '**ऐतिहासिक-प्रबन्धो**' नामक गुजराती पुस्तक देखो।

‡ यह प्रशस्तिपद्य, स्तम्भतीर्थ (खंभात) के कोटीध्वज साधु **श्रीशाणराज** के संवत् १४४९ में बनाये हुए गिरनार तीर्थ पर के श्रीविमलनाथप्रासाद की प्रशस्ति का है। यह प्रशस्ति आज उपलब्ध नहीं है। कोई ३५० वर्ष पहले बनी हुई '**बृहत्पोशालिक पट्टावलि**' में इस प्रशस्ति का उल्लेख है तथा इस के बहुत से पद्य भी उल्लिखित हैं। उन्हीं पद्यसमूहों में यह ऊपर का पद्य भी सम्मिलित है। इस का पद्यांक ७२ वां है।

समरासाह के स्थापित किये हुए बिम्ब का पीछे से म्लेच्छों (मुसलमानों) ने फिर किसी समय मस्तक खण्डित कर दिया। **धर्मरत्नसूरि** के पास बैठ कर **तोला साह** ने जिस अपने मनोरथ के सफल होने न होने का प्रश्न किया वह इसी विषय का था। तोला साह के समय तक किसी ने गिरिराज का पुनरुद्धार नहीं किया था इस लिये तीर्थपति की प्रतिमा वैसे खण्डित रूप ही में पूजी जाती थी। **वस्तुपाल** के गुप्त रक्खे हुए पाषाणखण्डों की बात संघ के नेताओं में पूर्वजपरंपरा से कर्णोपकर्ण चली आती थी;। और **समरा साह** ने तो नया ही पाषाणखण्ड मंगवा कर उसकी मूर्ति बनवाई थी, अतएव **वस्तुपाल** के रक्षित पाषाणखण्ड अभी तक भूमिगृह में वैसे ही प्रस्थापित होने चाहिये; इस लिये उन्हें निकाल कर चतुर शिल्पियों द्वारा उन के बिम्ब बनाये जाय और वर्तमान खण्डित मूर्तियों की जगह स्थापित किये जायँ तो अच्छा है; यह विचार कर **तोला साह** ने **धर्मरत्नसूरि** से अपना यह विचार सफल होगा या नहीं इस विषय का ऊपर्युक्त प्रश्न किया था।

धर्मरत्नसूरि ने प्रश्न का फलाफल विचार कर **तोला साह** से कहा कि–' हे सज्जनशिरोमणि ! तेरे चित्त रूप क्यारे में **शत्रुंजय** के उद्धार स्वरूप जो मनोरथ का बीज बोया गया है वह तेरे इस छोटे पुत्र से फलवाला होगा। और जिस तरह **समरा साह** के उद्धार में हमारे पूर्वजों–आचार्यों–ने प्रतिष्ठा करने का लाभ प्राप्त किया था वैसे तेरे पुत्र–**कर्मा साह**–के उद्धार में हमारे शिष्य प्राप्त करेंगे।' **तोला साह** सूरिजी का यह कथन सुन कर हर्ष और विषाद का एक साथ अनुभव करने लगा। हर्ष इस लिये था कि अपने पुत्र के हाथ से यह महान् कार्य सफल होगा और विषाद इस लिये कि अपना आत्मा यह महत्पुण्य उपार्जन न कर सका। **कर्मा साह** यद्यपि उस समय कुमारावस्था

में ही था परन्तु पिता की इस इच्छा के पूर्ण करने का तभी से संकल्प कर गुरुमहाराज के शुभ वचनों की शकुनग्रंथी बांध ली।

चित्रकोट की यात्रा वगैरह कर चुकने पर संघ ने आगे चलने का प्रयत्न किया। **तोला साह** ने **धर्मरत्नसूरि** को वहीं ठहरने के लिये अत्यंत आग्रह किया। सूरि ने कहा ' महाभाग ! विवेकी हो कर हमें अपनी यात्रा में क्यों अन्तराय डालना चाहते हो। ' इस पर सेठ बडा उदासीन हुआ तब उस के चित्त को सन्तुष्ट करने के लिये अपने शिष्य **विनयमण्डन** नामक पाठक को वहीं पर रख दिये। सूरि संघ के साथ यात्रा के लिये प्रस्थित हो गये। **विनयमण्डन** पाठक के समीप में **तोला साह** आदि श्रावकवर्ग उपधान वगैरह तपश्चर्यादि धर्मकृत्य करने लगा। **रत्ना साह** आदि **तोला साह** के पांचों पुत्र भी पाठक के पास षडावश्यक, नवतत्त्व और भाष्यादि धर्मग्रन्थों का अभ्यास करने लगे। भाविकाल में महान् कार्य करने वाले **कर्मा साह** ऊपर, अपने गुरु के कथन से उपाध्यायजी सब से अधिक प्रेम रखने लगे। एक दिन **कर्मा साह** ने विनय पूर्वक **विनयमण्डन** जी से कहा कि ' महाराज ! आप के गुरु के वचन को सत्य सिद्ध करने के लिये आप को मेरे सहायक बनने पडेंगें। ' उपाध्याय जी ने हँस कर मीठे वचन से कहा कि ' महाभाग ! ऐसे सर्वोत्तमकार्य में कौन साहाय्य करना नहीं चाहता ? ' तदनन्तर कोई अच्छा अवसर देख कर उन्हों ने **कर्मा साह** को ' चिन्तामणिमहामन्त्र ' आराधन करने के लिये विधि पूर्वक प्रदान किया। उपाध्याय जी, कई महिने तक चित्रकोट में रहे और ज्ञान, ध्यान, तप और क्रिया आदि मुनिवृत्तिद्वारा श्रावकों के चित्त को आनन्दित करते हुए यथायोग्य सब को उचित उचित धर्म कार्यों में लगाये। **कर्मा साह** को तीर्थोद्धार विषयक प्रयत्न में लगे रहने का वारंवार उपदेश कर उपाध्यायजी वहांसे फिर अन्यत्र विहार कर गये।

कुछ वर्ष बाद तोला साह अपने धर्मगुरु श्रीधर्मरत्नसूरि का स्मरण करता हुआ, न्यायोपार्जित धन को पुण्य क्षेत्रों में वितीर्ण करता हुआ और सर्व प्रकार के पापों का पश्चात्तापपूर्वक प्रत्याख्यान करता हुआ स्वर्ग के सुखों का अनुभव करने के लिये इस संसार को छोड गया। पिता के विरह से सब पुत्र शोकग्रस्त हुए परन्तु संसार के अचल नियम का स्मरण कर समय के जाने पर शोकमुक्त हो कर अपने अपने व्यावहारिक कर्तव्यों का यथेष्ट पालन करने लगे। छोटा पुत्र कर्मा साह कपडे का व्यापार करता था जिस में वह दिन प्रति दिन उन्नति पाता हुआ सज्जनों में अग्रेसर गिना जाने लगा। वह दैवसिक और रात्रिक-दोनों संध्यायों में निरंतर प्रतिक्रमण करता था। त्रिकाल भगवत्पूजा और पर्व के दिनों में पौषध वगैरह भी नियमित करता रहता था। धर्म और नीति के प्रभाव से थोडे ही वर्षों में उस ने क्रोडों रुपये पैदा किये। हजारों वणिक्पुत्रों को व्यवहार कार्य में लगा कर उन्हें सुखी कुटुम्ब वाले बनाये। शीलवती और रूपवती ऐसी अपनी दोनों * प्रियाओं के साथ कौटुम्बिक सुखका आनन्दप्रद अनुभव करता हुआ, पुत्र, पौत्र, प्रपौत्र और स्वजनादि के बीचमें साक्षात् इन्द्र की तरह वह साह शोभने लगा। निरन्तर याचकजनों को कल्पवृक्ष की समान इच्छित दान दे दे कर दुखियों के दुखों का नाश करने लगा। इस तरह सब प्रकार का पुरुषार्थ साध कर बाल्यावस्था में जिस प्रतिज्ञा का स्वीकार किया था उसके पूर्ण करने का सतत प्रयत्न करता हुआ कर्मा साह जैनधर्म और जिनदेव की सदैव सेवा-उपासना करने लगा।

* लावण्यसमय वाली प्रशस्ति में कर्मा साह के कुटुम्ब के कुल मनुष्यों के नाम दिये हुए हैं जिस में इन दोनों पतिव्रताओं के नाम भी सम्मिलित हैं। पहली स्त्री का नाम कपूरदेवी और दूसरी का नाम कमलादेवी था। कमलादेवी से एक पुत्र हुआ था जिस का नाम भीषजी था। पुत्र के सिवा ४ पुत्रियें भी थी। सबका नामोल्लेख वंशवृक्ष में किया गया है।

उद्धार-वर्णन ।

(दूसरा उल्लास ।)

चापोत्कट (चावडा) वंश के प्रसिद्ध नृपति वनराज ने गुजरात की (मध्यकालीन) राजधानी अणहिल्लपुर-पाटण को बसाये बाद, * वनराज, योगराज, क्षेमराज, भूयड, वज्र, रत्नादित्य और सामन्त सिंह नामक ७ चावडाराजाओं ने उस में राज्य किया । उन के बाद मूलराज, चामुण्डराज, वल्लभराज, दुर्लभराज, भीमराज, कर्णराज, जयसिंय (सिद्धराज), कुमारपाल, अजयपाल, × लघु मूलराज और भीमराज--ने इन ११ चौलुक्य (सोलंकी) नृपतियों ने गुजरात का शासन किया । चौलुक्यों के बाद बाघेलावंश के वीरधवल, वीसल, अर्जुन देव, सारङ्गदेव और कर्ण नामक पांच राजाओं का राज्य रहा । संवत् १३५७ में अलाउद्दीन के सैन्य ने कर्णराजा का पराजय कर पट्टन में अपना अधिकार जमाया ।

विक्रम संवत् १२४५ में मुसलमानों ने भारत की राजधानी दिल्ली को अपने आधीन में लिये बाद अलाउद्दीन तक १५ बादशाहों ने वहां पर अधिकार किया । उन के नाम इस प्रकार है--

---

* इन सब राजाओं ने कितने कितने समय तक राज्य किया है इसका उल्लेख, मूल प्रबन्ध के अन्तमें जो ' राजावली--कोष्ठक ' दिया है उस में स्वयं प्रबन्धकार ने कर दिया है ।

× टिप्पणि में लिखा है, कि किसी किसी जगह अजयपाल के बाद त्रिभुवनपाल का नाम लिखा हुआ मिलता है परन्तु वीरधवल के पुरोहित सोमेश्वर कवि की बनाई हुई ' कीर्तिकौमुदी ' में वह नहीं गिना गया है इस लिये हमने भी उस का उल्लेख नहीं किया ।

§ १ महिमद,	८ मोजदीन.
२ सांजरसाहि,	९ अलावदीन.
३ मोजदीन.	१० नसरत.
४ कुतुबदीन.	११ ग्यासदीन.
५ साहबदीन.	१२ मोजदीन.
६ रुकमदीन.	१३ समसुदीन.
७ जूआंबीबी.	१४ जलालदीन.

१५ वाँ बादशाह अलाउद्दीन हुआ। वह संवत् १३५४ में दिल्ली के तख्त पर बैठा। उसने ठेठ गुजरात से ले कर लाभपुर (लाहोर) तक का प्रदेश जीता था। अलाउद्दीन से लेकर, कुतुबदीन, सहाबदीन, खसरबदीन, ग्यासदीन और महिमुद तक के दिल्ली के ६ बादशाहों ने गुजरात का शासन चलाया। उन की आज्ञा से क्रमशः अलखान (अलपखान), खानखाना, दफरखान और ततारखान पाटन के सुबेदार रहे। पीरोजशाह के समय में गुजरात स्वतंत्र हुआ और गुजरात की जुदी बादशाही शुरू हुई। संवत् १४३० में मुजफर नामका हाकिम गुजरात का पहला बादशाह बना। *

§ इन सब मुसलमान बादशाहों के राज्यकाल का भी मान 'राजावलीकोष्ठक' में दिया हुआ है'

* राजावलीकोष्ठक में, इस ने २४ वर्ष राज्य किया ऐसा लिखा हुआ है। उस में इस के सदूमलिक (?), उज्जहेल (?) और मुजफ्फर इस प्रकार तीन नाम लिखे हैं जिन में प्रथम के दो का कुछ भी अर्थ ज्ञात नहीं होता। तवारिखों में इस का पहला नाम जफरखान मिलता है। इस के बादशाह होने की तारीख तवारिखों में जुदी जुदी मिलती है। रासमाला में ई० सन् १३९१ (संवत् १४४७) का उल्लेख है। अन्यान्य ग्रन्थों में ई० सन् १४०७-८ (संवत् १४६३-४) मिलता है। कोष्ठक में लिखा है कि पूर्वावस्था में कुछ उपकार करने के कारण फिरोजशाह बादशाह ने अपना उपकारी समझ कर इसे गुजरात

मुजफरशाह की मृत्यु बाद संवत् १४५४* में अहमदशाह गद्दी पर बैठा। उस ने संवत् १४६८× में साबरमती नदी के किनारे, जहां प्राचीन कर्णावती नगरी थी वहां पर, अपने नाम से अहमदाबाद शहर बसाया और पट्टन के बदले उसे अपनी कायम की राजधानी बनाया। अहमदशाह के पीछे उस का बेटा महम्मदशाह बादशाह हुआ उस के बाद कुत्बुद्दीन और फिर महमूद बादशाह बना। वह महमूद

का राज्य दिया था। तवारिखों में इस के विषय में जो कुछ लिखा हुआ है उस का मतलब इस प्रकार है–फिरोज तुगलक, बादशाह बनने के पहले, एक दफे पंजाब के जंगल में शिकार खेलने गया था। वहां पर वह भूला पड गया और इधर उधर भटकता हुआ टांकजाति के राजपूतों के एक गांव में जा पहुंचा। शाहरान और साधु नामक दो राजपूत भाईयों ने उसका स्वागत किया और कुछ दिन तक अपने घर पर रक्खा। उन की एक बहन थी जिस के साथ फिरोज का प्रेम हो जाने से उस को ब्याह कर वह दिल्ली ले गया। साथ में वे दोनों भाई भी दिल्ली गये और फिरोज के कथन से उन्हों ने वहां पर इस्लामधर्म का स्वीकार किया। शाहरान का नाम वजीहुल्मुल्क और साधु का नाम समशेरखान रक्खा गया। जब फिरोज बादशाह बना तब समशेरखान और वजीहुल्मुल्क के बेटे जफरखान को अमीरपद दिया गया। कुछ समय बाद जफरखान को गुजरात का सुबा बना कर पाटन भेजा गया। फिरोजशाह के मर जाने पर उस ने अपने को गुजरात का स्वतंत्र अधिकारी मान कर अपने बेटे तातारखान को, नासिरुद्दीन महम्मदशाह के नाम से गुजरात का स्वतंत्र सुलतान जाहिर किया। महम्मद ने आसावल्ली (जो पीछे से अहमदाबाद कहलाया) को राजधानी बनाया और दिल्ली के बादशाह को जीतने के लिये रवाना हुआ। रास्ते में पाटन में किसी ने जहर दे कर उसे मार डाला। उस के मर जाने पर, बडे बडे अमीरों के कथन से जफरखान स्वयं तख्त पर बैठा और मुजफरशाह के नाम से अपने को गुजरात का बादशाह जाहिर किया।

* तवारिखों में सन् १४११ ईस्वी (सं० १४६७) लिखा हुआ है।

× राजावली कोष्टक में अहमदाबाद के स्थापन की मीती वैशाख वदि ७ रविवार और पुष्यनक्षत्र के दिन की लिखी है। आईन–ए–अकबरी में सन् १४११ और फिरस्ता में सन् १४१२ की साल है।

बेगडा के नाम से प्रसिद्ध है। उस ने जूनागढ और पावागढ (चांपानेर) के प्रसिद्ध किलों को जीत कर अपने राज्य में मिलाये। महमूद के बाद मुजफर दूसरा बादशाह हुआ। वह लक्षण, साहित्य, ज्योतिःशास्त्र और सङ्गीत आदि विद्यायों का अच्छा जानने वाला था। विद्वानों को आधार भूत और वीरपुरुष था। उस ने अपनी प्रजा का, पुत्रवत् पालन किया था। उस के कई पुत्र थे जिन में शिकन्दर सब से बडा था। उसने नीति, शक्ति और भक्ति से अपने पिता का और प्रजा का दिल अपनी और आकृष्ट कर लिया था। उस का छोटा भाई बहादुरखान नामक था जो बडा उद्भट, साहसिक और शूरवीर था। उस ने पूर्वकाल के नृपपुत्रों के चरित्रों का विशेष अवलोकन किया था। इस लिये उन की तरह उस का भी मन देशाटन कर अपने ज्ञान की वृद्धि करने का हो गया। कितनेक नोकरों को साथ ले कर वह अहमदाबाद से प्रवेशकी मुसाफरी करने के लिये निकल गया *। नाना गॉवों और शहरों में होता हुआ वह क्रमसे चित्रकूट (चित्तोड) पहुंचा। वहां पर, महाराणा ने उस का यथोचित सत्कार किया।

ऊपर उल्लेख हो चुका है कि कर्मा साह कपडे का व्यापार करता था। बंगाल और चीन वगैरह देश विदेशों से करोडों रुपये का माल उस की दूकान पर आता जाता था। इस व्यापार में उस ने अपरिमित रूप में द्रव्यप्राप्ति की थी। शाहजादा बहादुरखान ने भी कर्मा साह की दूकान से बहुत सा कपडा खरीद किया। इस से

---

* तवारिखों में तो लिखा है कि "शाहजादा बहादुरखान, पिता ने अपने को थोडी सी जागीर देने के कारण नाराज हो कर गुजरात को छोड हिन्दुस्थान में चला गया। और मुजप्फर शाह ने बडे बेटे सिकन्दरखान को अपना उत्तराधिकारी बना कर बादशाह बनाया।

(गुजरातनो अर्वाचीन इतिहास।)

साह की शाहजादा के साथ अच्छी मैत्री हो गई। स्वप्न में गोत्रदेवी ने आकर कर्मा साह से कहा कि " इस शाहजादा से तेरी ईष्ट सिद्धि होगी " इस लिये उस ने खान, पान, वसन और प्रिय वचन से मुसाफर शाहजादा का बहुत सत्कार किया। बहादुरखान के पास इस समय खर्ची बिलकुल खूट गई थी इस लिये कर्मा साह ने उसे एक लाख रुपये विना किसी शरत के मुफ्त में दिये। शाहजादा इस से अति आनन्दित हुआ और साह से कहने लगा कि ' हे मित्रवर ! जीवन पर्यंत मैं तुमारे इस अहसान को न भूल सकूंगा। ' इस पर कर्मा साह ने कहा कि ' आप ऐसा न कहें। आप तो हमारे मालिक हैं और हम आप के सेवक हैं। केवल इतनी अर्ज है कि कभी कभी इस जन का स्मरण किया करें और जब आप को राज्य मिले तब शत्रुंजय के उद्धार करने की जो मेरी एक प्रबल उत्कण्ठा है उसे पूर्ण करने दें। ' शाहजादा ने साह की इच्छा पूर्ण करने देने का वचन दिया और फिर उस की अनुमति ले कर वहां से अन्यत्र गमन किया।

इधर गुजरात में मुजफरशाह की मृत्यु हो गई और उस के तख्त पर सिकन्दर बैठा। वह अच्छा नीतिवान् था परन्तु दुर्जनों ने उसे थोडे ही दिनों में मार डाला। यह वृत्तान्त जब बहादुरखान ने सुना तो वह शीघ्र गुजरात को लौटा और चापानेर पहुंचा। वहीं संवत् १५८३ के भाद्रपद मास की शुक्ल द्वितीया और गुरुवार के दिन, मध्याह्न समय में उस का राज्याभिषेक हुआ और बहादुर शाह नाम धारण किया+। बहादुर-

---

* ' गुजरातनो अर्वाचीन इतिहास ' नामक पुस्तक में लिखा है कि " सिकंदर शाह ने थोडे महिने राज्य किया इतने में इमादुल्मुल्क खुशकदम नाम के अमीर ने उसे मार डाला और उस के छोटे भाई नासिरखान को महमूद दूसरा, इस नाम से बादशाह बना कर, उस की ओर से स्वयं राज्य करने लगा। परन्तु दूसरे अमीर उस के विरोधी बन कर बहादुरखान जो हिन्दुस्थान से वापस आया था उस के साथ मिल गये। बहादुरखान के पक्ष के अमीरों में धंधुका का मलिक ताजखान

शाह ने अपने राज्य की लगाम हाथ में लेकर पहल पहल जितने स्वामीद्रोही, दुर्जन, और उद्धत मनुष्य थे उन सब को कडी शिक्षा दी; किसी को मार डाला, किसी को देशनिकाल किया, किसी को कैद में डाला, किसी को पदभ्रष्ट किया और किसी को लूट लिया। उस के प्रताप के डर के मारे निरंतर अनेक राजा आ कर बडी बडी भेंटें सामने धरने लगे। पूर्वास्था में जिन जिन मनुष्यों ने उस पर उपकार या अपकार किया था उन सब को क्रमशः अपने पास बुला बुला कर यथायोग्य सत्कार या तिरस्कार कर कृतकर्म का फल पहुंचाने लगा। सुकर्मी कर्मा साह को भी, उस के किये हुए निःस्वार्थ उपकार को स्मरण कर, बडे आदर के साथ कृतज्ञ बादशाह ने अपने पास बुलाने के लिये आह्वान भेजा। साह भी आमंत्रण आते ही भेंट के लिये अनेक बहुमूल्य चीजें लेकर उस के पास पहुंचा। बहादुरशाह ने साह के सामने आते ही ऊठ कर दोनों हाथों से बडे प्रेम के साथ उस का आलिङ्गन किया। अपने सभामण्डल के आगे कर्मा साह की निष्कारण परोपकारिता की खूब प्रशंसा करता हुआ बोला कि–" यह मेरा परम मित्र है। जिस समय बुरी दशा ने मुझे बे तरह तङ्ग किया था तब इसी दयालु ने उस से मेरा छुटकारा करवाया था।" बादशाह के मुंह से इन शब्दों को सुन कर कर्मा साह बीच ही में एकदम बोल कर उसे आगे बोलने से बन्ध किया और कहा कि " हे शाहन्शाह ! इतना बोझा मुझ पर न रक्खें, मैं इसे ऊठा सकने में समर्थ नहीं हूं। मैं तो केवल आपका एक सेवक मात्र हूं। मैं ने कोई ऐसा कार्य नहीं किया है कि जिस से आप मेरी इतनी तारीफ करें। " इस तरह परस्पर मैत्रीपूर्ण

मुख्य था। बहादुरखान एकदम कूच कर चांपानेर पहुंचा। वहां उसने इमादुल्मुल्क को पकड कर मार डाला और नासिरखान को जहर दे कर, स्वयं बहादुरशाह नाम धारण कर १५२७ ई. में तख्त पर बैठा।

संभाषण हो चुकने पर बादशाह ने साह को ठहरने के लिये अपने शाही-महल का एक सुन्दर भाग खोल दिया। उस की खातिर–तवज्जा के लिये सब प्रकार का उत्तम बन्दोबस्त किया गया। बाद में कर्मा साह देव-गुरु के दर्शन के लिये अच्छे ठाठ-पाट से जिन मन्दिर और जैन उपाश्रय में गया। विधिपूर्वक देव और गुरु का दर्शन-वन्दन किया। नाना प्रकार के वस्त्र, आभूषण और मिष्टान्न याचकों को दान में दिये। श्रीसोमधीर गणि नाम के विद्वान् यति वहां पर विराजमान् थे जिन के पास कर्मा साह सदैव धर्मोपदेश सुनने और आवश्यकादि धर्मकृत्य करने के लिये जाया करने लगा।

इस प्रकार निरन्तर पूजा, प्रभावना और साधर्मि वात्सल्यादि करता हुआ साह सावधान हो कर बादशाह के पास रहने लगा। कुछ दिन बाद श्री विद्यामण्डन सूरि और विनयमण्डन पाठक को कर्मा साह ने अपने आगमनसूचक तथा बादशाह की मुलाकात वगैरह के वृत्तान्त वाले पत्र लिखे। बादशाह ने साह के पास से पहले चित्तोड में जो कुछ द्रव्य लिया था वह सब उसने पीछा दिया। एक दिन बादशाह खुश हो कर बोला कि "हे मित्रवर! मैं तुमारा क्या इष्ट कर सकूं? मेरा दिल खुश करने के लिये मेरे राज्य में से कोई देश इत्यादि का स्वीकार करो।" साह ने कहा "आपकी कृपा से मेरे पास सब कुछ है। मुझे कुछ भी वस्तु नहीं चाहिए। मैं केवल एक बात चाहता हूं, कि शत्रुंजय पर्वत पर मेरी कुलदेवी की स्थापना हों। उस के लिये मैंने कई कठिन अभिग्रह कर रक्खें हैं। यह बात मैंने पहले भी आप से चित्रकूट में, आप के विदेश जाते समय कही थी और जिस के करने का आपने वचन भी प्रदान किया था। उस वचन के पूर्ण करने का अब समय आ गया है इस

लिये वैसा करने की आज्ञा दें। " यह सुन कर बादशाह बोला कि " हे साह ! तुमारी जो इच्छा हो वह निःशङ्क हो कर पूर्ण करो। मैं तुमें अपना यह शासनपत्र (फर्मान) देता हूं जिस से कोई भी मनुष्य तुमारे कार्य में प्रतिबन्ध नहीं कर सकेगा। " यह कह कर बादशाह ने एक शाही फर्मान लिख दिया जिसे ले कर, अच्छे मुहूर्त में कर्मा साह ने वहां (चांपानेर) से शीघ्र ही प्रयाण किया।

आकाश को शब्दमय कर देने वाले वाजिंत्रों के प्रचण्ड घोष पूर्वक साह ने शहर से निर्गमन किया। चलते समय सुवासिनी स्त्रियों ने मंगल कृत्य कर उस के सौभाग्य को बधाया। बहार निकलते समय बहुत अच्छे शकुन हुए जिन्हें देख कर कर्मा साह के आनन्द का वेग बढने लगा। रास्ते में स्थान स्थान पर सेंकडों बन्दिजनों ने साह का यशोगान किया जिस के बदले में उस ने, उन के प्रति धन की धारा वर्षाई। हाथी, घोडे और रथ पर चढे हुए अनेक संघजनों से परिवृत हो कर रथारूढ कर्मा साह क्रमशः शत्रुंजय की ओर आगे बढने लगा। मार्ग में स्थान स्थान पर जितने जैनचैत्य आते थे उन प्रत्येक में स्नात्र महोत्सव और ध्वजारोपण करता हुआ, जितने उपाश्रयों में जैनसाधु मिलते थे उन के दर्शन-वन्दन कर वस्त्र-पात्रादि दान देता हुआ, जितने दरिद्र लोक दृष्टिगोचर होते थे उन को यथायोग्य द्रव्य की सहायता पहुंचाता हुआ और चीडीमार-मच्छीमार आदि हिंसक मनुष्यों को उन के पापकर्म से मुक्त करता हुआ शत्रुंजयोद्धारक वह परम प्रभावक श्रावक स्तंभतीर्थ (खंभात) को पहुंचा।

स्तंभतीर्थवासी जैनसमुदाय ने बडे महोत्सवपूर्वक कर्मा साह का नगर प्रवेश कराया। स्तंभनक पार्श्वनाथ और सीमन्धर तीर्थंकर के

मन्दिरों में दर्शन कर साह पौषधशाला (उपाश्रय) में गया। वहां पर **श्रीविनयमण्डन पाठक** विराजमान थे उन को बडे हर्षपूर्वक वन्दन कर सुखप्रश्नादि पूछे। बाद में साह कह ने लगा कि "हे सुगुरु! आज मेरा दिन सफल है जो आपके दर्शन का लाभ मिला। भगवन्! पहले जो आपने मुझे जिस काम के करने की सूचना की थी उस के करने की अब स्पष्ट आज्ञा दें। आप समस्त शास्त्र के ज्ञाता और सब योग्य-क्रियाओं में सावधान हैं इस लिये मुझे जो कर्तव्य और आचरणीय हो उस का आदेश दीजिए। लोकों में साधारण वस्तु का उद्धार-कार्य भी पुण्य के लिये होना माना गया है तो फिर शत्रुंजय जैसे पर्वत पर जिनेन्द्र जैसे परमपुरुष की पवित्र प्रतिमा के उद्धार का तो कहना ही क्या है? —वह तो महान् अभ्युदय (मोक्ष) की प्राप्ति कराने वाला है। पूज्य! आप ही का किया हुआ यह उपदेश आप के सन्मुख मैं बोल रहा हूं उस लिये मेरी इस धृष्टता पर क्षमा करें।" साह के इस प्रकार बोल रहने पर पाठक जरा मुस्कराये परन्तु उत्तर कुछ नहीं दिया। बाद में उन्हों ने यथोचित सारी सभा के योग्य धर्मोपदेश दिया जिसे सुन कर सब ही खुश और उपकृत हुए। अन्त में कर्मा साह को पाठक ने कहा कि "हे विधिज्ञ! जो कुछ करना है वह तो तुम सब जानते ही हो। हमारा तो केवल इतना ही कथन है कि अपने कर्तव्य में शीघ्रता करो। अवसर आने पर हम भी अपने कर्तव्य का पालन कर लेंगे। शुभकार्य में कौन मनुष्य उपेक्षा करता है?" मुनि-उचित इस प्रकार के संभाषण को सुन कर व्यंगविज्ञ कर्मा साह ने पाठक के आगमन की इच्छा को जान लिया और फिर से उन को नमस्कार कर वहां से रवाना हुआ।

पांच छ ही दिन में साह वहां पहुंचा जहां से शत्रुंजय गिरि के दर्शन हो सकते थे। गिरिवर के दृष्टि गोचर होते ही, जिस तरह मेघ

के दर्शन से मोर और चन्द्र के दर्शन से चकोर आनन्दित होता है वैसे साह भी आनन्दपूर्ण हो गया। वहीं से उसने सुवर्ण और रजत के पुष्पों से तथा श्रीफलादि फलों से सिद्धाचल को बधाया। याचकों को दान देकर सन्तुष्ट किया। गिरिवर को भावपूर्वक नमस्कार कर फिर इस प्रकार स्तुति करने लगा " हे शैलेन्द्र! इच्छित देने वाले कल्पवृक्ष की समान बहुत काल से तेरे दर्शन किये हैं। तेरा दर्शन और स्पर्शन दोनों ही प्राणीयों के पाप का नाश करने वाले हैं। ऐहिक और पारलौकिक दोनों प्रकार के सुखों के देने वाले तेरे दर्शन किये बाद स्वर्गादि कों में भी मेरा सकल्प नहीं है। स्वर्गादि सुखों की श्रेणि के दाता और दुःख तथा दुर्गति के लिये अर्गला समान हे गिरीन्द्र! चिर काल तक जयवान् रहो! तूं साक्षात् पुण्य का परम मन्दिर है। जिन के लिये हजारों मनुष्य असंख्य कष्ट सहन करते हैं वे चिन्तामणि आदि चीजें तेरा कभी आश्रय ही नहीं छोडती हैं। तेरे एक एक प्रदेश पर अनन्त आत्मा सिद्ध हुए हैं इस लिये जगत् में तेरे जैसा और कोई पुण्यक्षेत्र नहीं है। तेरे ऊपर जिनप्रतिमा हों अथवा न हों—तूं अकेला ही अपने दर्शन और स्पर्शन द्वारा लोकों के पाप का नाश-करता है। सीमन्धर तीर्थंकर जैसे जो भारतीय जनों की प्रशंसा करते हैं उस में तुझे छोड कर और कोई कारण नहीं है। " इस प्रकार की स्तवना कर, अंजलि जोड कर पुनर् नमस्कार किया और फिर वहां से आगे चला। अपने सारे समुदाय के साथ शत्रुंजय की जड में—आदिपुर पद्या (तलहटी)-में जाकर वास स्थान बनाया *।

*टिप्पणि में लिखा है कि—आदिपुरपद्या (तलहटी) में जो कर्मासाह ने वासस्थान रक्खा उस का कारण सूत्रधारों (कारीगरों) कों ऊपर जाने अने में सुविधा रहे इस लिये था। बाद में प्रतिष्ठा के समय जब बहुत लोक एकट्ठे हुए तब वहां से स्थान ऊटा कर पालीताणे में रक्खा था। क्यों कि वहां पानी वगैरह की तंगाईस पडने लगीथी।

इस समय सौराष्ट्र का सूबा मयादखान (मुझाहिदखान) था। वह कर्मा साह के इस कार्य से दिल में बडा जलता था परन्तु अपने मालिक (बहादुरशाह) की आज्ञा होने से कुछ नहीं कर सकता था। गूर्जर वंश के रविराज और नृसिंह * ने कर्मा साह को अपने कार्य में बहुत साहाय्य दिया।

खंभायत से **विनयमण्डन पाठक** भी साधु और साध्वी का बहुत सा परिवार ले कर सिद्धाचल की यात्रा के उद्देश से कुछ समय बाद वहां पर आ पहुंचे। गुरुमहाराज के आगमन से कर्मा साह को बडा आनन्द हुआ और अपने कार्य में दुगुना उत्साह हो आया। पाठकवर ने समरा आदि गोष्ठिकों को बुला कर महामात्य वस्तुपाल के लाये हुए मम्माणी खान के दो पाषाणखण्ड जो भूमिगृह में गुप्त रूप से रक्खे हुए थे, मांगे। गोष्ठिकों के दिल को खुश और वश करने के लिये कर्मा साह ने गुरु महाराज के कथन से उन को इच्छित से भी अधिक धन दे कर वे दोनों पाषाण खण्ड लिये और मूर्ति बनाने का प्रारंभ किया। अपने अन्यान्य कौटुम्बिकों के कल्याणार्थ कुछ प्रतिमायें बनवाने के लिये और भी कितने ही पाषाणखण्ड, जो पहले के पर्वत पर पडे हुए थे, लिये। सूत्रधारों (कारीगरों) को निर्माण कार्य में योग्य शिक्षा देने के लिये, पाठकवर्य ने, **वाचक विवेकमण्डन** और **पण्डित विवेकधीर** नामक अपने दो शिष्यों को, जो वस्तुशास्त्र (शिल्पविद्या) के विशेषज्ञ विद्वान् थे, निरीक्षक के स्थान पर नियुक्त किये। उन के लिये शुद्ध–निर्दोष आहार–पानी लाने का काम **क्षमाधीर** प्रमुख मुनियों को सौंपा। और बाकी के जितने मुनि थे वे सब संघ की शान्ति के लिये छट्ठ–अट्ठमादि

---

* लावण्यसमय की प्रशस्ति में (देखो, श्लोक २९) रविराज (या रवा) और नृसिंह–इन दोनों को मयादखान (मुझाहिदखान) के मंत्री (प्रधान) बतलाये हैं। डॉ॰ बुल्हर के कथनानुसार ये जैन थे। (देखो, एपिग्राफिआ इन्डिका प्रथम पुस्तक.)

के विशेष तप तपने लगे। रत्नसागर और जयमण्डन नाम के दो यतियों ने छमासीतप किया । व्यन्तर आदि नीच देवों के उपद्रवों के शमनार्थ पाठकवर्य ने सिद्धचक्र का स्मरण करना शुरू किया । इस प्रकार वे सब धर्म के सार्थवाह तप, जप, क्रिया, ध्यान, और अध्ययन रूपी अपने धर्म व्यापार में बहुत कुछ लाभ प्राप्त करते हुए रहने लगे ।

सूत्रधारों के मन को आवर्जित करने की इच्छा से कर्मासाह निरंतर उन को खाने के लिये अच्छे अच्छे भोजन और पीने के लिये गर्म दूध वगैरह चीजें दिये करता था। पर्वत पर चढने के लिये डोलियों का भी यथेष्ट प्रबन्ध कर दिया गया था। अधिक क्या !— सेंकडों ही वे सूत्रधार जिस समय, जिस चीज की इच्छा करते थे उसे, उसी समय कर्मा साह द्वारा अपने सामने रक्खी हुई पाते थे। इस तरह साह की सुव्यवस्था और उदारता से आवर्जित हो कर सूत्रधार भी दत्तचित्त हो कर अपना काम करते थे और जो कार्य महिने भर में किये जाने योग्य था उसे वे दश ही दिन में पूरा कर देते थे। उन कारीगरों ने सब प्रतिमायें बहुत चतुरता के साथ तैयार की और सब अवयव वास्तुशास्त्र के उल्लेख मुजिब यथास्थान सुन्दराकार बनाये * । अपराजित शास्त्र में लिखे हुए लक्षण मुताबिक, + आय-भाग के ज्ञाता ऐसे उन कुशल कारीगरों ने थोडे ही काल में अद्भुत और उन्नत मन्दिर तैयार किया । इस प्रकार जब सब प्रतिमायें लगभग तैयार हो गई और मन्दिर भी पूर्ण बन चुका तब शास्त्रज्ञाता विद्वानों ने प्रतिष्ठा के मुहूर्त का निर्णय करना शुरू किया ।

---

* यह शिल्पशास्त्र का प्रामाणिक और अत्युत्तम ग्रंथ है । यह अब संपूर्ण नहीं मिलता । पाटन के प्राचीन-भाण्डागार में इस का कितनाक भाग विद्यमान है ।

+ मन्दिरों और भुवनों के उच्च-नीच भागों का वास्तुशास्त्र में जुदा जुदा आय के नाम से व्यवहार किया जाता है ।

इस के लिये कर्मा साह ने दूर दूर से, आमन्त्रण कर कर, ज्ञान और विज्ञान के ज्ञाता ऐसे अनेक मुनि, अनेक वाचनाचार्य, अनेक पण्डित, अनेक पाठक, अनेक आचार्य, अनेक गणि, अनेक देवाराधक और निमित्त शास्त्र के पारंगत ऐसे अनेक ज्योतिषी बुलाये। उन सब ने एकत्र हो कर अपनी कुशाग्रबुद्धि द्वारा, सूक्ष्म विवेचना पूर्वक प्रतिष्ठा के शुभ और मंगलमय दिन का निर्णय किया। फिर कर्मा साह को वह दिन बताया गया और सभी ने शुभाशीर्वाद दे कर कहा कि "हे तीर्थोद्धारक महा-पुरुष ! संवत् १५८७ × के वैशाख वदि (गुजरात की गणना से चैत्र वदि) ६, रविवार और श्रवण नक्षत्र के दिन जिनराज की मूर्ति की प्रतिष्ठा का सर्वोत्तम मुहूर्त है, जो तुमारे उदय के लिये हो।" कर्मा साह ने, उन के इस वाक्य को हर्ष पूर्वक अपने मस्तक पर चढाया और यथा योग्य उन सब का पूजन–सत्कार किया।

मुहूर्त का निर्णय हो जाने पर कुंकुमपत्रिकायें लिख लिख कर पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण—चारों दिशाओं के जैन संघों को इस प्रतिष्ठा पर आने के लिये आमंत्रण दिये गये। आचार्य **श्रीविद्यामण्डन-सूरि** को आमंत्रण करने के लिये साह ने अपने बडे भाई **रत्नासाह** को भेजा। कुंकुमपत्रिकायें पहुंचते ही चारों तरफ से, बडी बडी दूरसे संघ आने लगे। अङ्ग, बङ्ग, कलिङ्ग, काश्मीर, जालन्धर, मालव........लाट, सौराष्ट्र, गुजरात, मगध, मारवाड और मेवाड आदि कोई भी देश ऐसा न रहा कि जहां पर कर्मा साह ने आमंत्रण न भेजा हो अथवा विना आमंत्रण के भी जहां के मनुष्य उस समय न आने लगे हों। कहीं से हाथी पर, कहीं से घोडे पर, कहीं से रथ पर, कहीं से बेल पर, कहीं से पालखी पर और कहीं से ऊँट पर सवार हो कर मनुष्यों के झूंड के झूंड शत्रुंजय पर आने लगे।

× प्रतिष्ठामुहूर्त की लग्नकुंडली राजावलीकोष्टक के अन्तमें दी हुई है।

रत्ना साह, विद्यामण्डनसूरि के पास पहुंचा और हर्षपूर्वक नमस्कार तथा स्तवना कर गिरिराज की प्रतिष्ठा पर चलने के लिये संघ के सहित आमंत्रण किया। सूरिजी ने कहा " हे महाभाग ! पहले तुमने जब चित्तोड पर पार्श्वनाथ और सुपार्श्वनाथ का अद्भुत मन्दिर बनवाया था तब भी तुमने हमको आमंत्रण दिया था परन्तु किसी प्रतिबन्ध के कारण हम तब न आ सके और हमारे शिष्य **विवेकमण्डन** ने उस की प्रतिष्ठा की थी। परन्तु शत्रुंजय की यात्रा के लिये तो पहले ही से हमारा मन उत्कण्ठित हो रहा है और फिर जिस में यह तुमारा प्रेमपूर्ण आमंत्रण हुआ। इस लिये अब तो हमारा आगमन हों इस में कहने की बात ही क्या है ? " यह कह कर, **सौभाग्यरत्नसूरि** आदि अपने विस्तृत शिष्य परिवार से परिवृत हो कर सूरिजी रत्नासाह के साथ, शत्रुंजय की ओर रवाना हुए। वहां का स्थानिक संघ भी सूरिजी के साथ हुआ। अन्यान्य संप्रदाय के भी सेंकडों ही आचार्य और हजारों ही साधु-साध्वीयों का समुदाय, **विद्यामण्डनसूरि** के संघ में सम्मिलित हुआ और क्रमशः शत्रुंजय पहुंचा। कर्मा साह बहुत दूर तक सूरिजी के सन्मुख आया और बडी धामधूम से प्रवेशोत्सव कर उन का स्वागत किया। गिरिराज की तलहटी में जा कर सब ने वासस्थान बनाया। अन्यान्य देश-प्रदेशों से भी अगणित मनुष्य इसी तरह वहां पर पहुंचे। लाखों मनुष्यों के कारण शत्रुंजय की विस्तृत अधोभूमि भी संकुचित होती हुई मालूम देने लगी। परन्तु ज्यों ज्यों जनसमूह की वृद्धि होती जाती थी त्यों त्यों कर्मा साह का उदार हृदय विस्तृत होता जाता था। आये हुए उन सब संघजनों को खान, पान, मकान, वस्त्र, सन्मान और दान दे दे कर शक्तिमान् कर्मा साह ने अपनी उत्तम संघभक्ति प्रकट की। दरिद्र से ले कर महान् श्रीमन्त तक के-सभी

संघजनों की उसने एक सी भक्ति की। किसी को, कीसी बात की न्यूनता न रह ने दी।

प्रतिष्ठामहोत्सव में, सब अधिकारी अपने अपने अधिकारानुसार प्रतिष्ठाविधियें करने लगे। वैद्यों, वृद्धों और भीलों आदिकों को पूछ पूछ कर सब प्रकार की वनस्पतियें, अगणित द्रव्य व्यय कर, भिन्न भिन्न स्थानों में से ढूंढ ढूंढ मंगवाई। श्री विनयमण्डन पाठक की सर्वावसर-सावधानता और सर्वकार्यकुशलता देख कर, प्रतिष्ठाविधि के कुलकार्यों का मुख्य अधिकार, सभी आचार्य और प्रमुख श्रावक एकत्र हो कर, उन्हें समर्पित किया। बाद में, गुरुमहाराज के वचन से अपने कुलगुरु आदिकों की यथेष्ट दान द्वारा सम्यग् उपासना कर और सब की अनुमति पाकर कर्मा साह अपने विधिकृत्य में प्रविष्ट हुआ। जब जब पाठकजी ने साह से द्रव्य व्यय करने को कहा तब तब सौ की जगह हजार देने वाले उस उदार पुरुष ने बडी उदारता पूर्वक धन वितीर्ण किया। कोई भी मनुष्य उस समय वहां पर ऐसा नहीं था जो कर्मा साह के प्रति नाराज या उदासीन हों। याचकलोकों को इच्छित से भी अधिक दान दे कर उन का दारिद्र्य नष्ट किया। जो याचक अपने मन में जितना दान मांगना सोचता था, कर्मा साह के मुख की प्रसन्नता देख कर वह मुंह से उस से भी अधिक मांगता था और साह उसे मांगें हुए से भी अधिक प्रदान करता था; इस लिये उस का जो दान था वह 'वचोऽतिग' था। स्थान स्थान पर अनेक मण्डप बनाये गये थे जिन में बहु मूल्य गालीचे, चंद्रोए और मुक्ताफल के गुच्छक लगे हुए थे। लोकों को ऐसा आभास हो रहा था कि सारा ही जगत् महोत्सवमय हो रहा है। आनन्द और कौतुक के कारण मनुष्यों को दिन तो एक क्षण के जैसा मालूम देता था। जलयात्रा के दिन जो महोत्सवं कर्मा साह ने किये थे उन्हें देख

कर लोक शास्त्रवर्णित भरतादिकों के महोत्सवों की कल्पना करने लगे थे।

प्रतिष्ठा के मुहूर्त वाले दिन, स्नात्र प्रमुख सब विधि के हो जाने पर, जब लग्नसमय प्राप्त हुआ तब, सर्वत्र मङ्गलध्वनि होने लगी। सब मनुष्य विकथा वगैरह का त्याग कर प्रसन्न मन वाले हुए। श्राद्धगण में भक्ति का अपूर्व उल्लास फैलने लगा। विकसित वदन और प्रफुल्लित नयन वाली स्त्रियें मंगलगीत गाने लगी। खूब जोर से वादित्र बजने लगे। हजारों भावुक लोग आनन्द और भक्ति के वश हो कर नृत्य करने लगे। सब मनुष्य एक ही दिशा में—एक ही वस्तु तरफ निश्चल नेत्र से देखने लगे। अनेक जन हाथ में धूपदान ले कर धूप ऊडाने लगे। कुंकुम और कर्पूर का मेघ वर्षाने लगे। बन्दिजन अविश्रान्तरूप से बिरुदावली बोलने लगे। ऐसे मङ्गलमय समय में, भगवन्मूर्ति का जब दिव्य स्वरूप दिखाई देने लगा तब, कर्मा शाह की प्रार्थना से और जैन प्रजा की कल्याणाकांक्षा से, राग-द्वेष विमुक्त हो कर **श्रीविद्यामण्डनसूरि** ने, समग्र सूरिवरों की अनुमति पा कर, शत्रुंजयतीर्थपति श्रीआदिनाथ भगवान् की मङ्गलकर प्रतिष्ठा की। उन के और और शिष्यों ने अन्य जो सब मूर्तियें थी उन की प्रतिष्ठा की। **विद्यामण्डनसूरि** बडे नम्र और लघुभाव को धारण करने वाले थे इस लिये ऐसा महान् कार्य करने पर भी उन्हों ने कहीं पर अपना नाम नहीं खुदवाया*। प्रायः उन के बनाये हुए जितने स्तवन हैं उन में भी उन्हों ने अपना नाम नहीं लिखा।

किसी भी मनुष्य को उस कल्याणप्रद समय में कष्ट का लेस

* प्रचीन कालसे यह प्रथा चली आ रही है, कि जो आचार्य जिस प्रतिमा की प्रतिष्ठा करता है उस पर उसका नाम लिखा जाता है।

मात्र भी अनुभव न हुआ। अपने कार्य में कृतकृत्य हो जाने से कर्मा साह के आनन्द का तो कहना ही क्या है परन्तु उस समय औरों के चित्त में भी आनन्द का आवेश नहीं समाने लगा। केवल लोक ही कर्मा साह को इस कार्य के करने से धन्य नहीं समझने लगे परन्तु स्वयं वह आप भी अपने को धन्य मानने लगा। उस समय भगवन्मूर्ति को, उस की प्रतिष्ठा करने वाले विद्यामण्डनसूरि को और तीर्थोद्धारक पुण्यप्रभावक कर्मा साह को—तीनों को एक ही साथ सब लोक पुष्प-पुंजों और अक्षत-समूहों से बधाने लगे। हजारों मनुष्य सर्व प्रकार के आभूषणों से कर्मा साह का न्युंछन कर याचकों को देने लगे। मन्दिर के शिखर पर सुन्ने ही के कलश और सुन्ने ही का ध्वजादण्ड, जिस में बहुत से मणि जडे हुए थे, स्थापित किया गया। बाद में, सूरिवर ने साह के ललाटतल पर अपने हाथ से, विजयतिलक की तरह, संघाधिपत्य का तिलक किया और इन्द्रमाला पहनाई। मन्दिर में निरंतर काम में आने लायक आरती, मंगलदीपक, छत्र, चामर, चंद्रोए, कलश और रथ आदि सुन्ने-चांदी की सब चीजें अनेक संख्या में भेट की। कुछ गांव भी तीर्थ के नाम पर चढाये। सूर्योदय से ले कर सायंकाल तक कर्मा साह का भोजनगृह सतत खुला रहता था। जैन—अजैन कोई भी मनुष्य के लिये किसी प्रकार का प्रतिबन्ध नहीं था। पैर पैर पर साह ने क्या याचक और क्या अयाचक सब का सत्कार किया। सैंकडों ही हाथी, घोडे और रथ, सुवर्णाभरणों से भूषित कर कर अर्थिजनों को दे दिये। ज्यों ज्यों याचक गण उस के सामने याचना करते थे त्यों त्यों उस का चित्त प्रसन्न होता जाता था। कभी किसी ने उस के वदन, नयन और वचन में कोई तरह का विकार भाव न देखा। अधिक क्या उस समय कोई ऐसा याचक न था जिसने साधु कर्मा के पास याचना न की हो और पुनः ऐसा भी कोई याचक

न था जिसने पीछे से कर्म (दैव) के आगे याचना की हों—अर्थात् कर्मा साह ने कुल याचकों की इच्छा पूर्ण कर देने से फिर किसी ने अपने नसीब को नहीं याद किया ।

तदनन्तर, जितने सूत्रधार (कारीगर) थे उन सब को सुवर्ण का यज्ञोपवीत, सुवर्ण मुद्रा, बाजुबन्ध, कुण्डल और कंकण आदि बहुमूल्य आभरण तथा उत्तम वस्त्र दे कर सत्कृत किये । अपने जितने साधर्मिक बन्धु थे उन का भी यथायोग्य धन, वस्त्र, अशन, पान, वाहन और प्रियवचन द्वारा विनयवान् साहने पूर्ण सत्कार किया । मुमुक्षुवर्ग जितना था उसे भी वस्त्र, पात्र और पुस्तकादि धर्मोपकरण प्रदान कर अगणित धर्मलाभ प्राप्त किया । इनके सिवा आबाल-गोपाल पर्यंत के वहां के कुल मनुष्यों को भी स्मरण कर कर उस दान वीर ने अन्न और वस्त्र का दान दे दे कर सन्तुष्ट किया ।

विशालहृदय और उदारचित्त वाले कर्मा साह ने इस प्रकार सर्व मनुष्यों को आनन्दित और सन्तुष्ट कर अपने अपने देशमें जाने के लिये विसर्जित किये । आप थोडे से दिन तक, अवशिष्ट कार्यों की समाप्ति के लिये, वहीं ठहरा ।

जिस भगवत्प्रतिमा के दर्शन करने के लिये प्रत्येक मनुष्य को सौ सौ रुपये टेक्स (कर) के देने पडते थे और जिस में भी केवल एक ही वार, क्षण मात्र, दर्शन कर पाते थे उसी मूर्ति के, पुण्यशाली कर्मा साह ने आपने पास से सुन्ने के ढेर के ढेर राजा को दे कर, लाखो-करोडों मनुष्यों को विना कोडी के खर्च किये, महिनों तक पूर्ण शान्ति के साथ पवित्र दर्शन कराये । सुकर्मी संघपति कर्मा साह की इस पुण्य-राशी का कौन वर्णन कर सकता है ?

श्रीविद्यामण्डनसूरि की आज्ञा को मस्तक पर धारण कर उन के वशवर्ती शिष्य **विवेकधीर** ने संघनायक **श्रीकर्मा साह** के महान् उद्धार की यह प्रशस्ति बनाई है। इस में जो कुछ दोषकणिकायें दृष्टिगोचर हो उन्हें दूर कर निर्मत्सर मनुष्य इस का अध्यायन करें ऐसी विज्ञप्ति है। इस प्रबन्ध के बना ने से मुझे जो पुण्य प्राप्त हुआ हो उस से जन्म-जन्मान्तरों में सम्यग् दर्शन, ज्ञान और चरित्र की मुझे प्राप्ति हो-यही मेरी एक केवल परम अभिलाषा है। जब तक जगत्में सुर-नरों की श्रेणिसे पूजित शत्रुंजय पर्वत विद्यमान रहें तब तक कर्मा साह के उद्धार का वर्णन करने वाली यह प्रशस्ति भी विद्वानों द्वारा सदैव वांची जाती हुई विद्यमान रहें। वैशाख सुदी सप्तमी और सोमवार के (प्रतिष्ठा के दूसरे) दिन यह प्रबन्ध रचा गया है और **श्रीविनयमण्डन पाठक** की आज्ञा से **सौभाग्यमण्डन** नामक पण्डित ने दशमी और गुरुवार के दिन इस की पहली प्रति लिखी है। ७ ॥ शुभमस्तु ॥

शत्रुंजयतीर्थोद्धार के प्रतिष्ठाता सूरिवर का वंशवृक्ष ।

* जयवंत पण्डित ने संवत् १६१४ में गुजराती कवितामें 'शृंगारमंजरी' नामक एक ग्रंथ बनाया है। इस की रचना बहुत ही सरस और सुन्दर है। इस में शीलवती का चरित्र वर्णित है।

